संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -208 बुधवार ,31 मई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# मेडल बिना बहाए वापस लौटे पहलवान

» किसान नेता नरेश टिकैत ने कहा-एक आदमी को बचाने के लिए पूरी सरकार लगी है

» यौन उत्पीन के मामले को लेकर नाराज हैं खिलाड़ी

» भाकियू नेता नरेश टिकैत ने पहलवानों को समझाया

» पहलवानों ने की थी मेडल को गंगा में विसर्जित करने की घोषणा



**नई दिल्ली,30 मई 2023 (ए)।** पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध के निशान के रूप में अपने पदक गंगा नदी में बहाने के लिए हरिद्वार पहुंचे। यहां भाकियू नेता नरेश टिकैत ने उन्हें समझाकर वापस लौटाया।

पहलवान यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर डब्ल्यूएफआई प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध के रूप में अपने पदक गंगा नदी में बहाने हरिद्वार पहुंचे। पहलवानों के गुट में साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट समेत अन्य कई पहलवान और समर्थक शामिल रहे।

इसी बीच, भारतीय किसान यूनियन के नेता नरेश टिकैत भी हरिद्वार पहुंचे और उन्होंने पहलवानों को समझाकर वापस लौटाया। उन्होंने पांच दिन का समय मांगते हुए कहा कि सरकार एक आदमी को बचाने में लगी है। पहलवानों के मुद्दे को लेकर जल्द ही सभी खापों की बैठक की जाएगी। उन्होंने पहलवानों से 5 दिन का समय मांगा है।




## प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर ईडी का छापा

**रांची,30 मई 2023(ए)।** ईडी मंगलवार सुबह से झारखंड में बड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस के पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव के करीबियों के एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। इनमें से कम से कम 10 ठिकाने रांची में हैं। यह छापेमारी आयकर से जुड़े मामले में की जा रही है। इससे पहले चार नवंबर 2022 को विधायक प्रदीप यादव और बेरमो के विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के ठिकानों पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट ने छापेमारी की थी। प्रदीप यादव के गोड्डा स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गये थे। इन दस्तावेजों की जांच के बाद आयकर विभाग ने केस को ईडी को रेफर कर दिया था। जब इस मामले में नये तथ्य सामने आये, तो अब फिर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। विधायक प्रदीप यादव के साथ ईडी की टीम बिल्डर शिवकुमार के ठिकानों पर भी पहुंची है। बताया जा रहा है कि जमीन घोटाला मामले में बिल्डर शिवकुमार की भूमिका संदिग्ध रही है।



## सोशल मीडिया पर कोई न्यायिक अधिकारियों की छवि को खराब नहीं कर सकताःसुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,30 मई 2023 (ए)।** सोशल मीडिया का उपयोग करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं किया जा सकता है। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के द्वारा जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए एक व्यक्ति को 10 दिनों की जेल की सजा सुनाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए की।न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाश पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा, सिर्फ इसलिए कि आपको एक अनुकूल आदेश नहीं मिला है, आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं कर सकते।

याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने सुप्रीम कोर्ट से नरमी बरतने की मांग की और कहा कि कारावास का आदेश अत्यधिक था। वकील ने कहा कि यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा मामला है और आवेदक 27 मई से पहले ही जेल में है। शीर्ष अदालत की पीठ ने तब टिप्पणी की, हम यहां कानून पर फैसला करने के लिए हैं, दया दिखाने के लिए नहीं। खासकर ऐसे व्यक्तियों के लिए।

## मनीष सिसोदिया को लगा बड़ा झटका

### हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका




**नई दिल्ली,30 मई 2023 (ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में शराब नीति के कार्यान्वयन में भ्रष्टाचार से संबंधित आरोप के मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि मनीष सिसोदिया के खिलाफ लगे हुए आरोप काफी गंभीर हैं।दिल्ली हाईकोर्ट ने ये फैसला कथित शराब घोटाला से जुड़े सीबीआई के केस में सुनाया है। दरअसल, आप नेता मनीष सिसोदिया ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती दी थी जिस पर दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया है।




## पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी

### अलर्ट मोड पर रेलवे पुलिस

**पटना,30 मई 2023 (ए)।** बिहार की राजधानी पटना जंक्शन को सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सूचना के बाद प्रशासन की नींद उड़ गई जिसके बाद आनन फानन में पटना जंक्शन सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने फौरन स्टेशन पर खड़ी ट्रेन की जांच के साथ-साथ प्लेटफार्म की भी जांच की। खास तौर पर यात्रियों के बैग एंड बैगेज की जांच की गई। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात लगभग 11 बजे पटना जंक्शन को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ये धमकी त्रक्त्र को फोन पर मिली जिसके बाद पटना जंक्शन ने आरपीएफ पोस्ट को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों ने पूरे पटना जंक्शन की जांच की।

वहीं इस मामले में रेल ष्ठस्क्र हेड चार्टर सुशांत रेल डीएसपी लॉयन ऑर्डर छ्क्त्र समेत कई अन्य पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। यह धमकी भरा कॉल सहरसा से आया है। पुलिस ने धमकी देने वाले युवक को सहरसा से गिरफ्तार कर लिया है।

## देश के करीब 150 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता होगी रद्द

**नई दिल्ली,30 मई 2023 (ए)।** देश के करीब 150 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द होगी। मिल रही जानकारी के अनुसार ये वो मेडिकल कॉलेज हैं जिनमें जांच के दौरान कई तरह की कमियां पाई गईं थी। नेशलन मेडिकल कमीशन के यूजी बोर्ड को इन मेडिकल कॉलेजों में जांच के दौरान कमी मिली थी।




बता दें कि अब तक करीब 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द भी की जा चुकी हैं। अभी तक जिन मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द की गई है वो सभी गुजरात, असम, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

नेशलन मेडिकल कमीशन ने इन कॉलेजों में कैमरा, बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस, फैकल्टी आदि जैसी कई अहम चीजों की कमी पाए जाने पर यह कदम उठाया है। बता दें इन कॉलेजों में बीते महीने भर के दौरान की गई जांच के दौरान ये कमियां पाई गई हैं। हालांकि, जिन कॉलेजों की अभी तक मान्यता रद्द हुई है उनके पास अपील करने का विकल्प है।

वो चाहें तो मान्यता रद्द होने से अगले 30 दिनों के भीतर नेशलन मेडिकल कमीशन में पहली अपील कर सकते हैं. जबकि ये कॉलेज दूसरी अपील केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के पास कर सकते हैं। नेशलन मेडिकल कमीशन और मंत्रालय को कॉलेजों की तरफ से मिले अपील को दो महीने के भीतर ही निपटाना होता है।

## लुधियाना कोर्ट कॉम्प्लेक्स ब्लास्ट मामले में एनआईए ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट की दायर

**नई दिल्ली,30 मई 2023 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लुधियाना कोर्ट परिसर बम विस्फोट मामले में खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के पाकिस्तान स्थित प्रमुख सहित दो लोगों के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 23 दिसंबर 2021 को कोर्ट परिसर बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह अन्य लोग घायल हो गए थे। अमृतसर के हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी मलेशिया और मोगा के लखबीर सिंह उर्फ रोडे को एनआईए ने यूएपीए के तहत चार्जशीट किया था।

एनआईए ने कहा कि लखबीर सिंह कथित तौर पर पाकिस्तान में है, जहां से उसने पूरे पंजाब में विस्फोट करने के लिए भारत में आईईडी की तस्करी की थी। वह प्रतिबंधित संगठनों खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन (आईएसएफवाई) का प्रमुख है। एनआईए ने दावा किया है कि वह इस घटना के पीछे का




मास्टरमाइंड था।

अमृतसर के हैप्पी मलेशिया को दिसंबर 2022 में मलेशिया से आने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) से गिरफ्तार किया गया था। विशेष एनआईए कोर्ट मोहाली के समक्ष दायर चार्जशीट में, दोनों पर आईपीसी, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए द्वारा की गई जांच से पता चला कि लुधियाना कोर्ट परिसर में विस्फोट करने वाले आईईडी को सीमा पार से रोडे द्वारा पंजाब में तस्करी करके लाया गया था। उसने हैप्पी मलेशिया समेत पाकिस्तान स्थित ड्रग तस्करों और उनके भारतीय सहयोगियों की मदद से आईईडी की तस्करी की थी।

मामला शुरू में पुलिस स्टेशन डिवीजन-5 जिला लुधियाना में दर्ज किया गया था, और बाद में एनआईए ने जांच अपने हाथ में ले ली थी।

## कांग्रेस के एकमात्र लोकसभा सांसद धानोरकर का निधन

**चंद्रपुर ,30 मई 2023 (ए)।**महाराष्ट्र से कांग्रेस के एकमात्र लोकसभा सदस्य धानोरकर का मंगलवार सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। बता दें कि धानोरकर 48 साल के थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के कुछ अन्य



नेताओं ने महाराष्ट्र के चंद्रपुर से लोकसभा सदस्य सुरेश नारायण धानोरकर उर्फ बालूभाऊ धानोरकर के निधन पर मंगलवार को शोक व्यक्त किया है। खरगे ने ट्वीट किया, सुरेश नारायण धानोरकर के असामयिक निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने ट्वीट किया, बालूभाऊ धानोरकर का दो दिन के भीतर बीमार होना, उनकी हालत गंभीर होना और फिर उनका निधन हो जाना अकल्पनीय है। वह एक कुशल, ऊर्जावान और संवेदनशील नेता थे। यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति भी है. मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' पार्टी के कुछ अन्य नेताओं ने भी कांग्रेस सांसद के निधन पर दुख जताया है।

## कर्नाटक में प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त,पायलट घायल

**बेलगावी,30 मई 2023(ए)।** कर्नाटक में बेलगावी जिले में सांबरा हवाईअड्डे के समीप मंगलवार को तकनीकी खराबी के कारण एक प्रशिक्षण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिला अग्निशमन अधिकारी सहशिधर नीलगर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रशिक्षण विमान ने सांबरा हवाईअड्डे से सुबह करीब 09ः30 बजे उड़ान भरी थी और होनिहाल गांव के पास यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के तुरंत बाद ही पुलिस, बचाव कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया।



उन्होंने बताया कि घटना में घायल पायलट को मामूली चोंटे आयी है और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गयी है।

## सुरक्षाबलों पर हमले की बड़ी साजिश नाकाम

**रांची,30 मई 2023(ए)।** सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। सुरक्षाबलों को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका गांव के जंगल से सोमवार को पांच शक्तिशाली आईईडी बरामद हुआ है। इनमें एक 20 किलो का, एक12 किलो का, एक 6 किलो का और दो 5-5 किलो के आईईडी बरामद हुए हैं। सभी आईईडी को उसी स्थान पर नष्ट कर दिया गया।



पुलिस ने बताया कि जिले में माओवादी विरोधी अभियानों में लगे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए भाकपा (माओवादियों) द्वारा आईईडी लगाए गए थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने जिले के पश्चिमी सिंहभूम जिले में लगाए गए पांच शक्तिशाली इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर उनकी योजना पर पानी फेर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस को मिसिर बेसरा सहित शीर्ष माओवादी नेताओं की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी। इसी को लेकर, जिला पुलिस ने सीआरपीएफ, कोबरा और झारखंड जगुआर के साथ मिलकर 11 जनवरी से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू की थी। बता दें, बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम है। पुलिस ने कहा कि इस साल जनवरी से भाकपा (माओवादियों) द्वारा किए गए आईईडी विस्फोटों में 10 वर्षीय लड़के और दो बुजुर्ग महिलाओं सहित आठ ग्रामीणों की मौत हो गई और सीआरपीएफ कर्मियों सहित लगभग 20 लोग घायल हो गए थे।

## बस दुर्घटना में 10 यात्रियों की दर्दनाक मौत

**जम्मू,30 मई 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर में एक भीषण हादसा हो गया। अमृतसर से कटरा जा रही बास गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हो गए हैं। बचाव अभियान चलाया जा रहा है। घायलों का उपचार जम्मू के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। छह लोगों की मौत मौके पर ही हो गई थी जबकि 4 व्रह्न मौत जीएमसी जम्मू में हुई है। मरने वालों और घायलों की अभी पहचान की जा रही है।बताया जा रहा है कि बस संख्या क्क81ष्टञ्ज-3537 अमृतसर से वैष्णो देवी (कटरा) जा रही थी। बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे। जैसे ही बस नेशनल हाइवे 44 पर झज्जर कोटली पहुंची, बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में कम से कम 10 लोगों के मरने की खबर है। वहीं, 41 लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा



जम्मू जिले के कटरा से करीब 15 किलोमीटर दूर झज्जर कोटली के पास हुआ है। सीआरपीएफ अधिकारी अशोक चौधरी ने बताया कि जैसे ही हमें सुबह दुर्घटना की जानकारी मिली। तुरंत हमारी टीम ने यहां पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। शवों को निकाला गया। घायलों को अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस की टीम भी हमारे साथ रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी है। सीआरपीएफ, पुलिस और अन्य टीमें भी यहां हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। बताया जा रहा है कि बस में बिहार के लोग थे जो कटरा जा रहे थे। वे शायद कटरा का रास्ता भूल गए और यहां पहुंच गए।

## संपादकीय

### संसद सबका गौरव है

सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर सरकार संसदीय परंपराओं का सम्मान करती दिखे।

नए संसद भवन के उद्घाटन से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस नई इमारत पर देश के हर नागरिक को गर्व होगा। अब प्रधानमंत्री के पास अपने इस कथन को सचमुच सार्थक और सच साबित करने का मौका है। लेकिन इसके लिए उनकी सरकार को अपने चाल-व्यवहार और सोच में कुछ परिवर्तन लाने होंगे। उसे सबसे पहले तो यह बात आत्म-सात करनी होगी कि किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन-प्रतिनिधित्व की सबसे ऊंची संस्था पर लोग गर्व करते हैं- यह बात ज्यादा मायने नहीं रखती कि वह संस्था कैसी और किस इमारत से अपना काम करती है। ऐसी संस्था से आम जन को कुछ वाजिब उम्मीदें होती हैं। संसद को क्या करना चाहिए और उससे क्या उम्मीद रखी जानी चाहिए, इसका विस्तृत वर्णन भारतीय संविधान में भी किया गया है।

बहरहाल, सबसे पहली बात तो यह है कि सरकार को- चाहे कितना बड़ा ही बहुमत क्यों ना हासिल हो- संसद का सम्मान करना चाहिए: ठीक वैसा ही सम्मान जैसा नौ साल पहले प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद संसद की सीढ़ियों पर मत्था टेक कर जताया था। लेकिन उसके बाद उनकी सरकार ने संसदीय समितियों से लेकर प्रश्न काल और अपेक्षित बहसों को लेकर एक तरह का तृरस्कार का रुख अपनाए रखा है। वर्तमान सरकार यह आत्म-सात नहीं कर पाई है, संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष शासन का हिस्सा होता है, जिसे सरकार की कमियों को बेनकाब करने, विरोध करने और लगातार सरकार को जवाबदेह बनाए रखने का जनादेश मिला होता है। मगर सत्ताधारी पार्टी के नेता अक्सर विपक्ष मुक्त भारत की बात करते सुने गए हैं। विपक्षी नेताओं को सरकारी जांच एजेंसियों से जानबूझ कर घेरा गया है और हाल में तो प्रमुख विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी को लोकसभा से ही बाहर कर दिया गया। इन परिस्थितियों में सत्ताधारी दल के समर्थकों का बड़ा वर्ग भले संसद भवन पर गर्व करे, लेकिन विपक्ष समर्थक और बहुत से निष्पक्ष लोगों के लिए ऐसा करना फिलहाल संभव नहीं हुआ है। मगर यह सूरत बदल सकती है, अगर प्रधानमंत्री सचमुच यह संकल्प जताएं कि अब उनकी सरकार संसद का सम्मान और उस पर गर्व करेगी।

# आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का करें संकल्प

## तंबाकू का सेवन मानवीय स्वास्थ्य के लिए अति हानिकारक - हमें भोजन की आवश्यकता है तंबाकू की नहीं...2023 की सराहनीय थीम

वैश्विक स्तरपर हर देश की जड़ें हिला देने और पीढ़ियों तक इनकी त्रासदी याद रखी जाने वाली भयंकर महामारी कोविड-19 पर करीब-करीब नियंत्रण कर लिया गया हैजिसका अंदेशा इससे लगाया जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ द्वारा कुछ दिनों पूर्व इस माहमारी को वैश्विक महामारी के टैग से हटा दिया गया है। परंतु फिर भी हम देखते हैं कि मानवीय जीवनशैली बदल चुकी है, जिसमें हर व्यक्ति सतर्क हो चुका है जिससे हमें विश्वास हो गया है कि हम चाहे तो अपने स्वास्थ्य से समझौता नहीं कर अपनी आदतें अपनी जीवनशैली को बदल सकते हैं। अब चूंकि आज 31 मई 2023 को हम विश्व तंबाकू विरोधी दिवस मना रहे हैं, इसीलिए हमें तंबाकू छोड़ने या उसके मिश्रित चीजों का सेवन नहीं करने का संकल्प भी अपनी इस नई जीवनशैली में जोड़ना होगा क्योंकि अनेक रिपोर्ट व मीडिया में आई डिबेट मैं यह माना जाता है कि इससे मुख का कैंसर रूपी भयंकर बीमारी होती है जिसमें जीवन हानि होने की पूरी संभावना होती है, यही कारण है कि अनेक राज्यों द्वारा तंबाकू और उसके से बनी अन्य वस्तुओं की बिक्री संग्रहण सेवन पर रोक लगाई गई है। अभी हाल ही में 25 अप्रैल 2023 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश के ऑपरेटिव हिस्से पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा गुटका, पान मसाला, स्वादिष्ट या सुगंधित खाद्य उत्पादों या चबाने योग्य खाद्य उत्पादों, जिसमें तम्बाकू या निकोटिन हो, की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प करें और प्रतिदिन तंबाकू निषेध दिवस के रुप में मनाए।

साथियों बात अगर हम, हर साल, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की करें तो, उनका लक्ष्य तंबाकू के उपयोग के जोखिमों के बारे में जागरूकता फैलाना है और हम दुनिया को तंबाकू मुक्त कैसे बना सकते हैं। तंबाकू से होने वाली बीमारियों से हर साल करीब 60 लाख लोगों की मौत होती है। और यह संख्या 2030 तक बढ़कर 8 मिलियन से अधिक होने का अनुमान है। लेकिन यह कोई गारंटी नहीं है। सतत विकास एजेंडा का उद्देश्य गैर-संक्रामक रोगों से होने वाली मौतों को एक तिहाई तक कम करना है। तम्बाकू से जुड़ी बीमारियाँ सूची में हैं, इसलिए यदि हम लक्ष्य तक पहुँचते हैं, तो 2030 जश्न मनाने का वर्ष होगा जो, न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए, बल्कि हमारे बटुए के आकार के लिए भी। हमारा औसत धूम्रपान करने वाला सालाना सिगरेट पर करीब 4, हज़ार डॉलर खर्च करता है। उन सभी शानदार छुट्टियों की कल्पना करें जिनका हम उस पैसे से आनंद ले सकते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्ष 2023 की थीम की करें तो, इस वर्ष, 2023, विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम हमें भोजन की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं है, जिसका उद्देश्य तंबाकू उत्पादकों को विपणन विकल्पों और उत्पादन विकल्पों के बारे में जागरूकता प्रदान करके टिकाऊ और पौष्टिक फसलों को अपनाना है। इसके अलावा, विषय तम्बाकू उद्योग की तोड़फोड़ की पहल के प्रयासों को उजागर करने पर केंद्रित है, जो तम्बाकू को स्थायी फसलों से बदलने के लिए है, जिससे वैश्विक खाद्य संकट पैदा होता है।इस दिन, सरकारी प्राधिकरण और नीति-निर्माता खाद्य संकट को रोकने के लिए खाद्य फसलों को उगाने के लिए तम्बाकू किसानों के लिए उपयुक्त नीतियों, रणनीतियों को तैयार करते हैं और बाजार की स्थितियों को सक्षम करते हैं। इसके अलावा, तम्बाकू फसलों को उगाने से रोकने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए हरित कार्यकर्ता और सार्वजनिक सामाजिक कल्याण संघ हाथ मिलाते हैं। साथियों बात अगर हम विश्व तंबाकू दिवस के महत्व की करें तो, दुनिया भर में सालाना करीब 35 लाख हेक्टेयर जमीन तंबाकू की खेती के लिए इस्तेमाल की जाती है। तंबाकू की खेती के कारण वार्षिक वनों की कटाई का अनुमान 2 लाख हेक्टेयर है। तम्बाकू उत्पादन का पारिस्थितिक तंत्र पर काफी अधिकविनाशकारी प्रभाव पड़ता है क्योंकि अन्य कृषि गतिविधियों जैसे मक्का उगाने और पशुधन चराई की तुलना में तम्बाकू के खेतों में मरुस्थलीकरण (जैविक उत्पादकता में कमी) की संभावना अधिक होती है। इसके अलावा, तम्बाकू उगाने के लिए रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के भारी उपयोग की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप मिट्टी की उर्वरता कम हो सकती है,अन्य खाद्य फसलों का उत्पादन कम हो सकता है।यदि तम्बाकू को व्यावसायिक फसल के रूप में उगाया जाता है तो गरीब और मध्यम आय वाले देशों में सतत खाद्य उत्पादन खतरे में पड़ सकता है। सबसे बड़े तम्बाकू उगाने वाले क्षेत्रों में अधिकांश (90 फ़ीसदी) निम्न और मध्यम आय वाले देश हैं, जहाँ चार देश कम आय वाले खाद्य-घाटे वाले देशों की श्रेणी में हैं। उपरोक्त परिदृश्यों के आलोक में, तम्बाकू की खेती को रोकने और अन्य खाद्य फसलों की खेती के लिए किसानों की सहायता करने के लिए विधायी कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस वार्षिक विषयों के साथ अभियानों का संचालन करके उपर्युक्त सिद्धांतों को सफलतापूर्वक प्राप्त करता है।




साथियों बात अगर हम तंबाकू से पर्यावरण को नुकसान की करें तो, वैश्विक स्तर पर हर साल लगभग 35 लाख हेक्टेयर भूमि तम्बाकू उगाने के लिए नष्ट कर दी जाती है।वैश्विक स्तर पर हर साल लगभग 4.5 लाख करोड़ सिगरेट बट्स का सही तरीके से निपटान नहीं किया जाता है।हर साल 80 करोड़ किलो जहरीला कचरा पैदा करता है और हजारों रसायनों को हवा, पानी और मिट्टी में छोड़ता है।तम्बाकू की खेती के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग, ग्रह से पानी की कमी होती है।

साथियों बात अगर हम मद्रास हाईकोर्ट के तंबाकू संबंधी छूट पर सुप्रीम कोर्ट की रोक की करें तो, दो जजों की खंडपीठ ने संकेत दिया कि प्रतिवादी जनता के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुओं को बेच रहे हैं। उत्तरदाताओं के वकील द्वारा हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने के खिलाफ तर्क दिए जाने के बाद यह टिप्पणी की गई।मद्रास हाईकोर्ट ने जनवरी में खाद्य सुरक्षा के राज्य आयुक्त द्वारा गुटका, पान मसाला, सुगंधित या सुगंधित खाद्य उत्पादों या तंबाकू या निकोटीन युक्त चबाने योग्य खाद्य उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को रद्द कर दिया।यह नोट किया गया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम और सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण के विज्ञापन और विनियमन का निषेध) अधिनियम, 2003 [कोटपा] दोनों में तंबाकू उत्पादों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान नहीं है।राज्य सरकार ने 2013 में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत अस्थायी प्रावधान का उपयोग करते हुए तंबाकू और गुटखा उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया। बाद में विभिन्न अधिसूचनाओं के माध्यम से प्रतिबंध को हर साल बढ़ाया गया।

साथियों बात अगर हम धूम्रपान और तंबाकू से स्वास्थ्य को विपरीत प्रभावित होने की करें तो, तम्बाकू का सेवन और धूम्रपान हमारे स्वास्थ्य को कई तरह से प्रभावित करता है, जो घातक बीमारियों का कारण हो सकता है धूम्रपान के बारे में 5 भयानक तथ्य(1)तंबाकू रसायनों से भरा होता हैतंबाकू के धुएँ में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं(2)कुछ रसायन कैंसर का कारण बन सकते हैंइनमें से 69 हानिकारक रसायन कैंसर पैदा करने के लिए जाने जाते हैं।(3)धूम्रपान कानून व्यापक नहीं हैदुनिया की केवल 20 प्रतिशत आबादी धूम्रपान कानूनों द्वारा संरक्षित है, ज्यादातर उच्च आय वाले देशों में।(4)आने वाली पीढ़ियां भी प्रभावित होंगीआंकड़े भविष्यवाणी करते हैं कि आज अमेरिका में रहने वाले 5.6 मिलियन बच्चे धूम्रपान सेसंबंधित बीमारी से मरेंगे।(5)धूम्रपान सचमुच आपको मार सकता है।पांच सिगरेट में इतना निकोटिन होता है कि अगर इसे पूरी तरह से निगल लिया जाए तो यह एक औसत वयस्क को मार सकता है।

साथियों बात अगर हम डब्ल्यूएचओ द्वारा विश्व तंबाकू दिवस 31 मई 2023 को ही मनाने और थीम की करें तो, विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य राज्यों ने 1987 में वैश्विक तम्बाकू संकट और महामारी से होने वाली बीमारियों और मौतों की प्रतिक्रिया के रूप में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस बनाया। विश्व स्वास्थ्य सभा ने 1987 में संकल्प डब्ल्यूएचए 40.38 पारित किया, जिसमें 7 अप्रैल को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस मनाने का आह्वान किया गया। अगला, संकल्प डब्लयूएचए 42.19 1988 में पारित किया गया था, जो 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के वार्षिक पालन के रूप में जारी किया गया था।

अतः अगर हम उपरोक्त गुणों का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2023 पर विशेष।आओ तंबाकू का सेवन छोड़ने की प्रतिबद्धता का संकल्प करें।तंबाकू का सेवन मानवीय स्वास्थ्य के लिए अति हानिकारक - हमें भोजन की आवश्यकता है तंबाकू की नहीं 2023 की सराहनीय थीम है।



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## राजनीति:भारत ने बनाया तीसरा ध्रुव

दुनिया के कूटनीतिक और विदेश नीति विशेषज्ञ अब भारत को तीसरे ध्रुव के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिकी विशेषज्ञ फुकुयामा का मानना था कि दुनिया में अब केवल एक ध्रुव अमेरिका ही रहेगा। यह विश्व व्यवस्था अनंतकाल तक चलेगी। पिछले तीन दशकों में दुनिया के हालात बदले और अपनी आर्थिक ताकत के बलबूते चीन ने दूसरा ध्रुव बनने का दावा पेश किया जिसे चाहे-अनचाहे पश्चिमी देश भी स्वीकार करने लगे हैं। पिछले एक दशक में भारत में राजनीतिक स्थायित्व और सक्रिय विदेश नीति के कारण अमेरिका और चीन वाली दो ध्रुवीय वि व्यवस्था में नया पहलू जुड़ सकता है। राष्ट्रपति पुतिन के नेतृत्व में रूस ने सोवियत विघटन से उबरने के बाद नई ताकत हासिल की है, लेकिन निश्चित विचारधारा की गैर-मौजूदगी और बहुआयामी अर्थव्यवस्था के अभाव में वह वि स्तर पर अहम भूमिका निभाने की स्थिति में नहीं है।

भारत की विदेश नीति कभी शक्ति प्रदर्शन पर आधारित नहीं थी। पं. जवाहरलाल नेहरू ने पंचशील के आधार पर विकासशील और अर्धविकसित देशों को एकजुट करने के लिए गुट-निरपेक्ष आंदोलन पर जोर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदले हुए हालात में पं. नेहरू का अनुसरण करते हुए ग्लोबल साउथ को एकजुट करने की कोशिश की है। यूक्रेन युद्ध के दौरान तटस्थ भूमिका निभाकर भारत ने अपनी विश्वसनीयता पर मोहर लगवा दी है।

पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने प्रधानमंत्री मोदी का चरणस्पर्श किया जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की अनोखी घटना है। उन्होंने भारत और मोदी को ग्लोबल साउथ का नेता भी करार दिया। प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए भौगोलिक रूप से चीन अधिक महत्त्वपूर्ण देश है। वहां के नेता अब भारत को अपना प्रवक्ता मान रहे हैं, तो यह विदेश नीति की बड़ी सफलता है। पापुआ न्यू गिनी के बाद ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने मोदी को बॉस बताया। वास्तव में मोदी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में नई शब्दावली के जन्मदाता बन रहे हैं। भारत की भूमिका को लेकर देश में विशेषज्ञ दो खेमों में बंटे हुए हैं। बड़ा खेमा भारत की तटस्थ नीति और ग्लोबल साउथ को प्राथमिकता देने के पक्ष में है। दूसरी ओर छोटा लेकिन प्रभावशाली खेमा भारत के अमेरिका और पश्चिमी देशों के साथ गठजोड़ करने का समर्थक है। यह तबका ग्लोबल साउथ या तीसरे ध्रुव के विचार को दिवास्वप्न करार देता है। घरेलू राजनीति में भी विदेश नीति को लेकर मैतक्य नजर नहीं आता। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रूस पर यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हैं। रूस की कार्रवाई की तुलना पूर्वी लद्दाख में चीन की सैनिक कार्रवाई से करते हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर और मनीष तिवारी भी रूस की आलोचक रहे हैं। पूरे प्रकरण में वामपंथी नेताओं और समीक्षकों की भूमिका दिलचस्प है। अमेरिकी साम्राज्यवाद का दशकों विरोध करने वाला तबका भारत की तटस्थ नीति का खुलकर समर्थन नहीं करता। इतना ही नहीं वामपंथी रुझान वाली मीडिया में रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रोपगेंडा को ही प्रसारित किया जा रहा है। हालांकि कुछ वामपंथी समीक्षक मोदी को कोई श्रेय न देने के बावजूद भारत की यूक्रेन नीति को सही ठहराते हैं।

अगले महीने राहुल और नरेन्द्र मोदी दोनों अमेरिका यात्रा पर होंगे। इस दौरान वे यूक्रेन युद्ध के बारे में क्या विचार व्यक्त करते हैं, इस पर सबकी नजर होगी। यह एक राजनीतिक हकीकत है कि दुनिया के अधिकतर देशों के नेता अमेरिकी प्रशासन की %गुड बुक' में रहने की कोशिश करते हैं। लोक सभा चुनाव के पहले राहुल भी अमेरिकी प्रशासन को अपने अनुकूल करने की कोशिश कर सकते हैं, वहीं अपनी आधिकारित यात्रा के दौरान पीएम मोदी अमेरिकी प्रशासन को आस्त कर सकते हैं कि स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करने के साथ ही भारत अमेरिका के साथ अपने संबंधों को प्राथमिकता देता है। भारत की अपेक्षा केवल इतनी है कि रूस के साथ उसके सैन्य और आर्थिक संबंधों में रुकावट पैदा न की जाए। बहुत कुछ यूक्रेन में युद्ध के घटनाक्रम पर निर्भर करता है। यदि वहां युद्ध व्यापक रूप लेता है, तो भारत के लिए रूस के साथ संबंधों को सामान्य बनाए रखना दुरूह साबित होगा। भारत प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रतिबंधों के दायरे में आ सकता है।

**डॉ. दिलीप चौबे**

# नार्को टेस्ट :आंदोलन की दिशा बदल न जाए

कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे पहलवानों द्वारा छोड़ा गया नार्को टेस्ट का तीर अगर आत्मघाती साबित हो जाए तो हैरानी नहीं होनी चाहिए।

पहलवानों ने अपनी लड़ाई को ग्लोबल मंच पर ले जाने के लिए हुंकार भरी तो लगा कि अब उनका आंदोलन सही दिशा में बढ़ चला है, लेकिन यकायक उन्होंने फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण का नार्को टेस्ट कराने की मांग कर डाली। जवाब में बृजभूषण ने भी बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के नार्को टेस्ट की मांग कर दी।

लगभग तीन सप्ताह बाद पहलवानों की लड़ाई में एक बड़ा ट्विस्ट यह देखने को मिला कि वे जंतर मंतर से बाहर सड़कों पर निकल पड़े, आम नागरिक और खेलप्रेमियों से अपनी लड़ाई को मजबूती देने की गुहार लगाने लगे। इस अभियान को मजबूती देने के लिए उन्होंने गांधी समाधि पर जाकर बापू से आशीर्वाद लिया और देशवासियों को संदेश भेजा कि राजनेता उनका शोषण कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की बातें करने वाले झूठ पर झूठ बोल कर उनके धर्मयुद्ध को कमजोर कर रहे हैं। लेकिन उस समय जबकि पहलवान लगातार हावी होते दिखाई दे रहे थे, नार्को टेस्ट की मांग कर शायद उन्होंने बृजभूषण जैसे खिलाड़ी को हावी होने का मौका दे दिया। दूसरी तरफ, पहलवान हैं जो खाप पंचायतों, नागरिक संगठनों और संपूर्ण खेल बिरादरी से लगातार समर्थन मांग रहे हैं। इस बीच यह आरोप भी लगाया जा रहा है कि कुछ शरारती तत्व उनके आंदोलन को कमजोर करने की कोशिश में जुटे हैं। साक्षी मलिक, विनेश फोगाट, संगीता फोगाट और बजरंग पूनिया के अनुसार जो लोग उनके न्याय युद्ध को राजनीति के चश्मे से देख रहे हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि सरकार जानबूझ कर हमारी लड़ाई को कमजोर करने की कुचेष्टा में लगी है। विनेश कहती हैं कि सरकार को सच में बेटियों की चिंता होती तो उन्हें इस कदर सड़कों पर भटकने के लिए मजबूर नहीं किया जाता। साक्षी के अनुसार प्रधानमंत्री या अन्य कोई जिम्मेदार मंत्री हमें न्याय दिलाने




के लिए आगे आता तो शायद इस कदर भटकना नहीं पड़ता। बजरंग पूनिया ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह इस लड़ाई में अपना सब कुछ न्योछावर कर देंगे लेकिन पीछे हटने का सवाल ही पैदा नहीं होता। उनके अनुसार खाप पंचायतों और किसानों को आंदोलन का हिस्सा बनाना गलत नहीं है, और न ही इसे किसी प्रकार की राजनीति माना जाए। सबकी बहन-बेटियां हैं और पूरा देश उनके समर्थन में नहीं उतरा तो बृजभूषण जैसे लोगों को बढ़ावा मिलेगा।

पहलवान कह रहे हैं कि उन्होंने अपने साथ हो रहे अन्याय का मामला वैंकि मंच पर उठाया है, और कई देशों के खिलाड़ी और खेल मुखिया उनकी मदद को तैयार हैं। यदि सचमुच ऐसा हो रहा है, तो पहलवानों और सरकारी तंत्र के बीच कटुता स्वाभाविक है। वैसे भी उन्होंने आईओए अध्यक्ष पीटी उषा और जांच समिति की प्रमुख मैरी कॉम को सिरे से खारिज कर दिया था। पहलवान कह रहे हैं कि भारतीय खेलों की शीर्ष महिलाओं ने उन्हें धोखा दिया। खेल मंत्री और भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारी भी गुनहगार को बचाते नजर आ रहे हैं, और उनके आंदोलन पर सरकारी मशीनरी बार-बार प्रहार कर रही है। कुछ पहलवानों के अनुसार जब बातचीत से काम नहीं बना और पहलवानों ने झुकने से इंकार कर दिया तो उनमें फूट डालने का भी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन नार्को टेस्ट की मांग कर पहलवानों ने शायद आत्मघाती दांव खेला है, जिसकी काट बृजभूषण का पलटवार हो सकता है। शायद पहलवान अपने अध्यक्ष का शातिरपना भांपने में चूक गए। बृजभूषण को जो चाहिए था पहलवानों ने परोस कर दे दिया है। हालांकि नार्को टेस्ट को लेकर न्यायविद् और विशेषज्ञ एक राय नहीं हैं, और ज्यादातर का मानना है कि इस प्रकार का कोई टेस्ट होने नहीं जा रहा। वैसे भी ऐसे टेस्ट का कोई आधार भी नहीं है।

लेकिन पहलवानों ने नार्को रूपी कैच उछाला और नेता जी ने इसे बखूबी लपक लिया, लेकिन पहलवान नहीं मानते कि उनका आंदोलन भटक गया है। राजनीतिक दलों को आमंत्रित करना भी गलत नहीं है क्योंकि जब सरकार सच्चाई से मुंह मोड़ लेगी तो देश के किसान, जवान और आम और खास नागरिक से सहयोग मांगने में कोई बुराई नहीं है। विनेश फोगाट कहती हैं कि जो लोग उनके धर्मयुद्ध को क्षेत्र, जात और अखाड़े विशेष की लड़ाई बता रहे हैं, उनकी सोच में खोट है। इतना तय है कि यौन शोषण की शिकार पहलवानों को न्याय मिलने में जितनी देरी होगी, उनका और उनकी लड़ाई का हिस्सा बने लोगों का मनोबल टूट सकता है, और भारतीय खेल इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा आंदोलन किसी भी दिशा में बढ़ सकता है। बहरहाल, क्या नतीजा निकलता है, इसके लिए कुछ सप्ताह और महीनों तक इंतजार करना पड़ेगा। लेकिन इतना तय है कि नार्को टेस्ट जुमला बन कर रह जाएगा।

**राजेंद्र सजवान**

# कहां है धर्मनिरपेक्षता?

हमारे संविधान के अनुसार भारत एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है जिसका मतलब यह है कि सरकार किसी धर्म विशेष का समर्थन नहीं कर सकती जिस तरह की हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान में इस्लामी सरकार मुस्लिम धर्म की पक्षधर तथा रक्षक है! हमारा संविधान हमें यह मौलिक अधिकार देता है कि हम अपनी मर्जी के मुताबिक अपने अपने धर्म तथा इष्ट देवता की पूजा अर्चना कर सकते हैं और उसका इस प्रकार प्रसार तथा प्रचार कर सकते हैं कि दूसरे धर्म वालों को इसमें कोई एतराज ना हो! हमारे देश में सभी लोगों को धर्म की स्वतंत्रता है! यही कारण है कि भारत में सभी धर्म जैसे हिंदू धर्म, मुस्लिम धर्म, ईसाई धर्म, सिख धर्म, पारसी धर्म आदि उसी तरह शताब्दियों से इकट्ठे रहकर विश्व को शिक्षा देते रहे हैं और अच्छे लगते रहे हैं जिस तरह एक गुलदस्ते में अच्छे-अच्छे अलग-अलग प्रकार के रखे हुए फूल मनमोहक होते हैं! हमारे यहां गंगा जमुना संस्कृति है जिसके मुताबिक अलग-अलग धर्मों का ना केवल सह अस्तित्व तथा भाईचारा है बल्कि सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के तीज त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं! हमारे देश में हजारों हिंदुओं को मुस्लिम पीर पैगंबरों की दरगाह पर जाकर चादर चढ़ाने, माथा टेकते और मन्नत मानते हुए देखा जा सकता है, अनेकों हिंदू रोज सुबह शाम गुरुद्वारा में माथा टेकने जाते हुए देखे जा सकते हैं! इन सब बातों से सभी धर्मों के लोगों के आपसी भाईचारे




का पता चलता है। यहां शताब्दियों से अनेकों धर्मों के लोगों के द्वारा एक दूसरे की इज्जत करने की बात ऐतिहासिक तौर पर जानी जा सकती है। मुगल बादशाह अकबर का मुख्य सेनापति मानसिंह था जो कि एक राजपूत था, विभिन्न सिख गुरुओं के अनुयाई मुस्लिम हुआ करते थे। गुरु गोविंद सिंह के खालसा दल में कई मुस्लिम सिंह थे। महाराजा रंजीत सिंह की सेना में भी कई मुसलमान थे। इस तरह विभिन्न धर्मों का आपसी विश्वास तथा भाईचारा शताब्दियों से देश में चला आ रहा है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सभी धर्मों के लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर अंग्रेजों से आजादी प्राप्त करने के लिए अनगिनत कुर्बानियां दी। इसी को वास्तविक तौर पर धर्मनिरपेक्षता कहते हैं जोकि हमारे संविधान की शोभा बढ़ा रही है।

परंतु अफसोस की बात है कि भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कुछ राजनीतिक दल धर्म के नाम पर लोगों को बांट कर वोटों की राजनीति कर रहे हैं। अभी-अभी संपन्न हुए कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को अपने जाल में फंसाने के लिए धर्म, जाति आदि का भरपूर प्रयोग किया। जब कांग्रेस ने एलान किया की जीत जाने की स्थिति में वो बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाएंगे तब इस बात को भाजपा ने लपक कर बजरंग दल को बजरंगबली अर्थात हनुमान जी के साथ जोड़ दिया। और और प्रधानमंत्री ने.... बजरंग बली की जय.. के चुनाव प्रचार के दौरान खूब नारे लगाए और मतदाताओं को सुझाव दिया कि वोट डालने से पहले वे लोग हनुमान जी को याद करके ही वोट डालें! इससे पहले के चुनाव प्रचार में भी कुछ राजनीतिक दल.... श्री राम.... श्री राम अयोध्या मंदिर. ज्ञान व्यापी मस्जिद मंदिर... आदि का प्रयोग करके हिंदुओं के वोटों को भाजपा के लिए मांगते रहे हैं। कांग्रेस द्वारा अपने शासनकाल में धर्मनिरपेक्षता की नीति पर चलने की बात को भाजपा मुस्लिम तुष्टिकरण का नाम देती रही है। क्योंकि भाजपा का कर्नाटक में... हनुमान की जय... हिंदू वोटरों को फसाने में कामयाब नहीं रहा और बिहार में भी भाजपा मुख्यमंत्री, नीतीश कुमार से अलग हो गई है और अकेले दम पर बिहार में भाजपा के लिए चुनाव जीतना टेढ़ी खीर है इसलिए हमारे राष्ट्रीय टीवी चैनल रात दिन बागेश्वर बाबा, पंडित धीरेंद्र महाराज का भाजपा के प्रवक्ता के तौर पर गुणगान करते रहे हैं! दूसरे शब्दों में

पंडित धीरेंद्र शास्त्री, बागेश्वर धाम, पर्ची निकालकर लोगों की समस्याओं का समाधान बताते रहे हैं, भाजपा के बिहार में हिंदू मतदाताओं को भाजपा की तरफ आकर्षित करने के लिए, ब्रांड एंबेसडर बन गए हैं! उनका कहना है कि अगर 5 करोड मतदाता सनातन धर्म के लिए वोट दे दे तो भारत एक हिंदू राष्ट्र बनकर ही रहेगा! हमारे देश में समय-समय पर साधु संत, महात्मा लोग हुए हैं जो हिंदू धर्म का प्रचार करते रहे हैं लेकिन उनमें से धीरेंद्र शास्त्री की तरह किसी ने भी हिंदू धर्म का दुरुपयोग राजनीति के लिए नहीं किया! इसमें कोई शक नहीं समय-समय पर कुछ शरारती तत्व तीन तलाक, हलाला, हिजाब, खुले में नमाज पढ़ना, हिंदू देवी देवताओं का अपमान करना आदि काम करते रहते हैं। कुछ मुसलमान पाकिस्तान के उकसाने पर ही हिंदुओं के खिलाफ लव जिहाद या फिर जबरन धर्म परिवर्तन का काम करते रहते हैं लेकिन इन बातों को सरकार तथा समाज को कड़ाई से रोकना चाहिए। इसका जवाब भारत को हिंदू राज्य में परिवर्तित करने में नहीं है। धर्म के आधार पर 1947 में बने पाकिस्तान का हाल देखकर हम उससे सबक सीख सकते हैं। अगर किसी धर्म को दूसरे धर्म से कोई दिक्कत है तो हमारे धार्मिक गुरुओं को इकट्ठे बैठकर आपसी मतभेद समझाने में करनी चाहिए और सरकार को भी इस पुण्य काम में आगे आना चाहिए तभी ही भारत में धर्मनिरपेक्षता कायम हो सकेगी।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक (हरियाणा)

## तेरे आते ही जी उठे

मेरे मुस्कुराने की वज़ह
सिर्फ तुम मेरी जिंदगानी
उड़ना चाहूं पवन,तेरे संग बहे,
इश्क की रवानी।।
महसूस करती सुनो तुमको सनम,
जब कभी मैं
तेरी बांहों कि कसक लगे मुझे,
कितनी सुहानी।।
जानती हूं मैं,ये दूरियां
हमारे बीच की,मीलों की है
करीब पाती फिर भी मैं तुझे,
यही तो मेरी नादानी।।
तेरी तस्वीर को हम,
अपने सीने से लगाते अक्सर
तेरी तस्वीर से रोज़ बतियाके
सोते,यही मेरी कहानी।।
उम्र के इस पड़ाव तक
आते-आते थक गयी थी वीना
तेरे आते जी उठी मेरी जिंदगी,
लगे आई,फिर जवानी।।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर महाराष्ट्र

## जीना है तो छोड़ दो नशा

पीकर शराब खो दोगे आत्म चेतना,
सिगरेट के धुएँ से उड़ेगी प्राण वायु।
तम्बाकू और गुटखा से होगा कैंसर,
जिंदगी जिओगे नशेड़ी तुम अल्पायु।।
किस बात का गम है,करते हो नशा,
क्या मोहब्बत में तुझे धोखा मिला है?
तुम्हारी प्रेमिका की हो रही है शादी,
भुला दो उसे,जिसने तुझे भुलाया है।।
परिवार के लोगों से है तुझे अनबन,
क्या बीवी से होते हो प्रतिदिन लड़ाई?
प्यार भरी मीठी बातें करके मना लो,
पल भर में दूर होगी तन्हाई, जुदाई।।
ज्ञान अध्याय को पूरा ना कर सके,
क्या परीक्षा में हो गए हो असफल?
फिर से मेहनत करो,एक बार और,
इस बार हो जाओगे जरूर सफल।।
इस संसार में सभी को है परेशानियाँ,
दुःख को सुख में ढाल,नशा को छोड़।
बदल दो भाग्य रेखाओं को कर्म से,
मानव धूम्रपान की बेड़ियों को तोड़।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# दीपमालाओं से सजे शहर के शंकरघाट में हुई गंगा आरती

» श्रद्धालु अपने-अपने घर से दीप लेकर आए और पंक्ति बनाकर दीपमालाओं से घाट को सजाया

» सुबह से ही दशईं स्नान, शाम चार बजे से भजन संध्या, शाम छह बजे से दीप प्रज्वलन किया गया





- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

गंगा दशहरा के मौके पर शंकर घाट सेवा समिति, अंबिकापुर द्वारा शंकर घाट, बांक नदी तट पर गंगा आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु अपने-अपने घर से दीप लेकर आए और पंक्ति बनाकर दीपमालाओं से घाट को सजाया। समिति के सदस्यों व नगर वासियों द्वारा मां गंगा की भव्य आरती की गई।

श्री शंकर घाट सेवा समिति द्वारा मां गंगा के अवतरण दिवस ÷गंगा दशहरा÷ के शुभ अवसर पर 30 मई को बांक नदी तट, शंकर घाट अंबिकापुर में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह से ही दशईं स्नान, शाम चार बजे से भजन संध्या, शाम छह बजे से दीप प्रज्वलन एवं दीपदान, शाम सात बजे से गंगा आरती, तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण बनारस के गंगा आरती समूह द्वारा गंगा आरती रहा। बता दें कि सरगुजा अंचल के ग्रामीण क्षेत्र में इस पर्व का विशेष महत्व है। पहले गंगा दशहरा का त्यौहार भव्य रुप से गंगा दशईं मेला के रूप में मनाया जाता था। विगत कुछ वर्षों से यह परंपरा विलुप्त सी हो गई है। इस परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से शंकर घाट, बांक नदी तट की साफ-सफाई, सीढ़ी एवं दीवाल की पुताई की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में वरिष्ठ नागरिकों के विशेष सहयोग के साथ समिति के विशाल गोस्वामी दूधनाथ, नवीन पांडेय, जितेंद्र सोनी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, विकास वर्मा, अजय सोनी, मयंक जायसवाल, राधेश्याम कुशवाहा, राजेश्वर पांडेय, रज्जू पांडेय, अजय पांडेय, अजीत पांडेय, अमित सोनी, अंशु सिंह, अनुराग गुप्ता, महेश जायसवाल, संजय जायसवाल, मुकेश मिश्रा, अतीश सिंह, मनीष पांडेय, पंकज गुप्ता, अमन गुप्ता, बृजेश पांडेय, दयानंद पाण्डेय, रमेश पांडेय, अनामिका पैकरा, विक्की दास, बंशीधर ठाकुर, हेमंत कुमार मांझी, दीनानाथ कुशवाहा, कृष्णा यादव, महेश कुमार ठाकुर, राजकुमारी सरपंच, सुरेश सिंह, संजीव सेठ, प्रकाश मणि त्रिपाठी, मनोज प्रसाद, अमित गुप्ता सहित सक्रिय रहे।

# बेसहारा दो बच्चों का जिला प्रशासन बना सहारा



- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के मैनपाट ब्लॉक मुख्यालय के तराई क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट वंदना में रहने वाली सुपिला पैकरा अपने बड़ी बहन के दो बेटों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लगे जनदर्शन में पहुंची और अपनी आर्थिक स्थिति को बयां करते हुए बच्चों के पढ़ाई लिखाई और उज्जवल भविष्य के लिए स्कूल में दाखिला करने गुहार लगाई। सुपिला ने बताई कि बच्चे के पिता किसी मामले में जेल में हैं और बच्चे की मां इन्हें छोड़ कर चली गई। जिसके बाद से दोनों बच्चे अपनी मौसी और नाना-नानी के साथ-साथ रह रहे हैं। जहां परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण दोनों बच्चों को पढ़ाने में काफी कठिनाई हो रही है। बच्चों की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्काल आदेश जारी कर बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया। शुरू होने वाले नए सत्र में बच्चो को गांव के समीप बालक आश्रम में दाखिला कराया जाएगा जिससे बच्चे अपना बेहतर भविष्य गढ़ सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी करने के बाद बच्चों को लेकर पहुंची उनकी मौसी और बच्चों के चेहरे पर खुशी देखने को मिला। जिला प्रशासन की इस पहल पर बच्ची की मौसी ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# पेरिस सिटी फ्रांस में भी हुई अंबिकापुर मॉडल की तारीफ

» पेरिस सिटी फ्रांस में आयोजित इंटरनेशनल सेमिनार में निगम आयुक्त ने दी प्रस्तुति





- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

पेरिस सिटी फ्रांस द्वारा 26 से 28 मई तक आयोजित इंटरनेशनल फोरम टू इंड प्लास्टिक पॉल्यूशन इन सिटीज तथा द वॉइस ऑफ सिटीज एण्ड रीजंस ऑन प्लास्टिक पॉल्यूशन कार्यक्रम में अंबिकापुर के निगर निगम के आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने भाग लीं। इसके लिए भारत सरकार आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा अंबिकापुर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई को नामांकित किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय फोरम में अंबिकापुर एवं भारत में वेस्ट मैनेजमेंट के संबंध में व्याख्यान हेतु आयुक्त नगर निगम अंबिकापुर को चयनित किया गया था। 26 मई को पेरिस सिटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मॉडरेटर कोबी ब्रांड डिप्टी जनरल सेक्रेटरी पेरिस डेलीगेट जॉय बेलमोंट मेयर क्वेजोन सिटी फिलिपिंस माइकल बोयस्वर्ट डेलीगेट फ्रॉम कनाडा के साथ अंबिकापुर आयुक्त द्वारा मंच साझा किया गया। इस फोरम में आयुक्त द्वारा अंबिकापुर नगर में चल रहे एसएलआरएम मॉडल में बारे में विस्तार से बताते हुए स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर-टू-डोर संग्रहण से प्राप्त कचरे के प्राइमरी, सेकेंडरी एवं टर्सरी सेग्रेगेशन प्लास्टिक से दाना बनाने के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया की स्वच्छता दीदियों के माध्यम से 63 प्रकार से प्लास्टिक का सेग्रेगेशन करने के कारण पूरे प्रक्रिया में निकलने वाला नॉन रिसाइक्लेबल वेस्ट मात्रा 10 प्रतिशत बचता है। जिसे सीमेंट प्लांट भेजा जाता है। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु संचालित दीदी बर्तनबैंक एवं गार्बेज कैफे के बारे में भी बताया गया। अंबिकापुर में जन सहयोग से यूजर चार्ज, कचरे के सूक्ष्म पृथक्करण उपरांत विक्रय से आय प्राप्त हो रहा है। अंबिकापुर में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के कन्वर्जेंस से अच्छा कार्य किया जा रहा है। विगत माह में देश के 10 राज्यों से आई टीम के संबध में भी बताया गया। यह भी बताया गया कि कचरे के प्रोसेसिंग एवं विक्रय के डिजिटाइजेशन हेतु भारत सरकार द्वारा अंबिकापुर को माडल के रूप में चयनित कर संसाधन पोर्टल का भी कार्य प्रारंभ किया गया है। पेरिस सिटी फ्रांस में आयोजित कार्यक्रम में अंबिकापुर नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान कार्यक्रम में आए अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने अंबिकापुर के मॉडल को बारिकी से समझा और यहां के कार्यों के बारे में निगम आयुक्त से पूरी जानकारी ली। अंबिकापुर स्वच्छता मॉडल का डंका पेरिस सिटी फ्रांस में भी बजा। लोगों ने यहां के मॉडल का खुब तारिफ किया। इस दौरान मॉडरेटर कोबी ब्रांड ने अंबिकापुर मॉडल की सराहना करते हुए कहा छोटे एवं मध्यम श्रेणी के नगरों के लिए उत्कृष्ट उदाहरण है। ये कचरा प्रबंधन के साथ-साथ आजीविका भी प्रदान कर रहा है।

## भिक्षाटनकर जीवन यापन करने वाले वृद्ध की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

भिक्षाटनकर जीवन यापन करने वाले वृद्ध की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिसने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार मंगरू राम नगेशिया उम्र 62 वर्ष जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह पिछले 25 सालों से अंबिकापुर नावागढ़ में रहकर पत्नी जकनी बाई के साथ महामाया मंदिर के पास भिक्षाटन कर जीवन यापन करता था। 18 मई की रात को नावागढ़ निवासी फूलचंद व ढाढू नामक इनके पास आए और जकनी बाइक के साथ यह कहकर मारपीट करने लगे की तुमलोग महामाया मंदिर के सामने भिक्षाटन क्यों करते हो। इस दौरान महिला का पति मंगरू बीच बचाव करने लगा। इस दौरान दोनों व्यक्ति ने लात घुसों से मंगरू की बेदम पिटाई कर दिया था। मारपीट किए जाने से दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान 29 मई को मंगरू की मौत हो गई थी। इस मामले में रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी घटना के बाद से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी नावागढ़ निवासी फूलचंद व ढाढू के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

# कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मरावी ने भाजपा के द्वारा जाबो गौठान,खोलबो पोल अभियान को राजनैतिक नौटंकी बताया

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

मंगलवार को पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं क्या कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी ने प्रेस नोट जारी करते हुए भाजपा के द्वारा जाबो गौठान, खोलबो पोल अभियान को राजनैतिक नौटंकी बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना÷ प्रदेश मे सकारात्मक रूप से ऐतिहासिक एवं रचनात्मक पहल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच का परिणाम है। कि आज नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना का तारीफ देश विदेश मे हो रहीं है। किंतु मुद्दा विहीन भाजपा के नेताओं को यह सब नहीं दिखती

क्योंकि उन्होंने 15 साल तक प्रदेश में विकास ही नहीं किया केवल प्रदेश के सभी वर्गों का शोषण करते हुए छल किया। आज भाजपा के नेता सत्ता में नहीं है। तो प्रदेश के आदिवासी, किसान, युवा और महिलाओ के लिए घड़ियाली आंसू बहा रहे है।



शिव भजन सिंह मरावी ने कहा कि नरवा, गरुवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत प्रदेश के सभी पंचायतों में गौठान का निर्माण कर स्व सहायता महिला समूहों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार कर रही है। हम राजीव गांधी गौधन न्याय योजना के माध्यम आज गौठान गौठानो में गोबर खरीदी कर रहे हैं। जिसकी तारीफ देश अनकों राज्य सहित विदेशों मे होने लगी है। प्रदेश के किसानों का धान 25 सौ रूपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य में खरीद है, युवाओं को प्रति माह 25 सौ रुपए बेरोजगारी भत्ता दे रहे है। इसक सराहना करना छोड़ भाजपा के ने सस्ती लोकप्रियता पाने गौठानो जाकर फोटो खिंचवा कर राजनैतिक नौटंकी कर रहे हैं। आज चुनाव नजदीक आते ही गौठानो जाकर प्रदेश की जनता को गुमरा कर रहे हैं। प्रदेश की जनता भाजप की नीति और कार्यों से भलीभा परिचित हो चुकी है कि भाजपा क शासन में रतनजोत पौधे रोपण का और शौचालय निर्माण कार्य के योजना बुरी तरह से गांवों में असफल हुई है। आने वाले चुनाव प्रदेश की जनता उन्हें पुनः जवाब जरूर देगी।

# पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों के लिए आईजी ने लांच किया सशक्त ऐप्प

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।



आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा अपने अनुभव के आधार पर और तकनीकी ज्ञान का उपयोग कर आए दिन सरगुजा रेंज के अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से विभागीय उपयोग हेतु रेंज स्तर पर सशक्त मोबाइल ऐप लांच किया। इस ऐप के माध्यम से पुलिस अधिकारी, कार्मचारियों को चोरी किए गए वाहनों से संबंधित मामलों में जांच पड़ताल करने जैसे महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेंज के सभी पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों का बेसिक डेटाबेस भी तैयार किया गया है। सशक्त ऐप के द्वारा हाई तकनीकी के जरिए पुलिस की कार्य प्रणाली में गुणवत्ता सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जारी किए गए सशक्त ऐप में विभागीय परवानो के साथ-साथ विभिन्न अपराधों से संबंधित विभिन्न अधिनियम भी अपलोड किया गया है। जो कि किसी भी समय आवश्यकता पडने् पर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी इस ऐप के जरिए उपयोग कर सकते हैं। इस दौरान नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक जिला बलरामपुर लाल उमेद सिंह व नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक जिला सूरजपुर आई कल्याण एलेसेला उपस्थित रहे।

## प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, उन इच्छुक अभ्यर्थियों से योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित की गई है। अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर किया जायेगा। इस योजनांतर्गत विद्यार्थी को कोचिंग, आवास, भोजन, चिकित्सा, पुस्तक, प्रवेश शुल्क आदि निःशुल्क प्रदान किया जाएगा।

चयनित विद्यार्थियों के लिए पात्रता एवं शर्तें- 12वीं बोर्ड परीक्षा गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ कम से कम 70 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण या समतुल्य ग्रेड प्राप्त अभ्यर्थी ही आवेदन कर सकते है। छ0ग0 का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग से हो तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण संलग्न करना अनिवार्य है। पालक या अभिभावक की वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। 10 रूपय के नॉनज्यूडिशियल स्टॉप पेपर पर प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र 21 जून 2023 सायं 4.00 बजे तक सभी अभिलेखों के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल कलेक्ट्रेट परिसर अम्बिकापुर में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी एवं आवेदन पत्र आदि विभाग के वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर अवलोकन कर सकते हैं।

# आमजनता की समस्या और शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सूना





» संबंधित अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

- संवाददाता -
सूरजपुर,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिले में जनदर्शन के माध्यम से आम जनता से कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रूबरू होकर दूरस्थ क्षेत्रों से आए आम लोगों की समस्याओं और शिकायतों से संबंधित 52 आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनी। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के भीतर निराकरण करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज जनदर्शन में आवेदक मोहन, विनय पाण्डेय, बिनु सोनवानी, गंगा राम, राकेश मिश्रा समयलाल, मनियारो, रमकेलिया, लालू राम, विनोद कुमार इत्यादि ने राजस्व विभाग अंतर्गत सीमांकन, में नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, जमीन विवाद जैसे आवेदन प्राप्त हुए, उन्होंने राजस्व अमला को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए है। राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र प्राप्त करने, बेजा कब्जा, त्रुटि सुधार, मजदूरी भुगतान, नक्शा दुरुस्तीकरण, सड़क निर्माण, नामांतरण संशोधन, श्रमिक पंजीयन, फर्जी पट्टा निरस्तीकरण, पशु शेड प्रदाय करने जैसे आवेदन भी प्राप्त हुए। आवेदन का अवलोकन कर पात्रता अनुसार निराकरण करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने फर्जी पट्टा निरस्तीकरण के आवेदन को जांच कर निराकरण करने निर्देशित किया। बैठक में डीएफओ संजय यादव, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर उत्तम रजक, एसडीएम नन्दजी पाण्डेय, श्रीमती दीपिका नेताम सर्व जनपद सीईओ सहित विभिन्न विभाग के जिला अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# सत्तर साल में जलवायु परिवर्तन ने कितना बदल दिया है माउंट एवरेस्ट को...

**काठमांडो,30 मई 2023।** माउंट एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेंजिंग नोर्गे के चढ़ने की 70वीं सालगिरह पर दुनिया की इस सबसे ऊंची चोटी को प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान पर दुनिया का ध्यान गया है। पर्यावरणविदों का कहना है कि एवरेस्ट पर जिस तरह के बदलाव देखने को मिल रहे हैं, उन्हें भविष्य में सुधारना संभव नहीं रह जाएगा।

एवरेस्ट और हिंदुकुश हिमालय के अन्य पर्वत साढ़े तीन हजार किलोमीटर इलाके में फैले हुए हैं। ये पर्वत आठ देशों की सीमा से गुजरते हैं। इन सब पर ग्लोबल वॉर्मिंग का भारी असर देखने को मिला है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आई सी आई एमओडी) के मुताबिक अगर कार्बन गैसों का उत्सर्जन अपने मौजूदा स्तर पर ही बना रहा, तो अगले 70 साल में इस क्षेत्र के दो तिहाई ग्लेशियर पिघल चुके होंगे।

विशेषज्ञों के मुताबिक गुजरे 60 वर्षों में एवरेस्ट के चारों तरफ मौजूद 79 ग्लेशियरों की मोटाई 100 मीटर घट चुकी है। साल 2009 के बाद उनका आकार घटने की रफ्तार दो गुनी हो गई है। इनमें मशहूर खुम्बु ग्लेशियर भी है, जहां से अधिकतर पर्वतारोही एवरेस्ट पर चढ़ने का अपना अभियान शुरू करते हैं। माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के हिलेरी और नेपाल के नोर्गे ने भी अपना अभियान यहीं से शुरू किया था।



हिंदुकुश क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ा है। आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा ग्यामत्शो ने नेपाल के अखबार द हिमालयन टाइम्स को बताया- 'पूरे हिंदुकुश हिमालय में ग्लोबल वॉर्मिंग के खतरनाक प्रभाव काफी समय महसूस हो रहे हैं। गर्म हवाओं, सूखे, प्राकृतिक आपदाओं, अचानक बर्फबारी और ग्लेशियरों के पिघलने का रिकॉर्ड बनता जा रहा है। इस क्षेत्र में रहने वाले दो अरब लोगों की जिंदगी और आजीविका को बचाने के लिए दुनिया को तुरंत ठोस कदम उठाने होंगे।'

हिंदुकुश पर्वतीय क्षेत्र में 24 करोड़ लोग रहते हैं। ये लोग पानी के पर्वतीय स्रोतों पर निर्भर हैं। विश्व प्रसिद्ध एथलीट और पर्वतारोही किलियन जॉर्नेट ने द हिमालयन टाइम्स से कहा- 'एवरेस्ट बहुत तेजी से बदल रहा है। मैंने इसे अपनी आंखों से देखा है कि कैसे जलवायु परिवर्तन का पहाड़ों पर असर हुआ है। ग्लेशियरों के पिघलने के कारण पर्वतारोहियों के लिए पहाड़ अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं। उससे भी ज्यादा अहम बात यह है कि इसका स्थानीय संसाधनों पर निर्भर अरबों लोगों की जिंदगी पर खराब असर हो रहा है।'

आईसीआईएमओडी से जुड़े ग्लेशियर विशेषज्ञ तेंजिंग चोग्याल ने कहा- 'हम जैसे जो लोग पहाड़ों का अध्ययन करते हैं, यहीं रहते हैं और पहाड़ों पर चढ़ते भी हैं, उन्होंने अपनी आंखों से यहां हो रहे बदलावों को देखा है। दुनिया के दूसरे हिस्सों में हजारों किलोमीटर दूर जो काम किए जाते हैं, उनका असर यहां दिखता है।'

माउंटेन रिसर्च इनिशिएटिव (एमआरआई) की कार्यकारी निदेशक कैरोलीना एल्डर ने हिमालयन टाइम्स से कहा- 'जब हम माउंट एवरेस्ट विजय की 70वीं सालगिरह मना रहे हैं, तब हमें यह अवश्य याद रखना चाहिए कि जलवायु परिवर्तन का हल निकालने के मामले में हमें बहुत बड़ी ऊंचाइयां अभी चढ़नी हैं।'

# मूसेवाला का पाकिस्तानी फैनः पहली पुण्यतिथि पर किया ये एलान,पुलिस न करती गिरफ्तार तो चलती गोलियां

**लाहौर,30 मई 2023।** पाकिस्तान में भारतीय गायक सिद्धू मूसेवाला के एक 15 साल के प्रशंसक को पंजाब प्रांत में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि प्रशंसक ने मृतक गायक मूसेवाला की पहली पुण्यतिथि पर हवाई फायरिंग की योजना बनाई थी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए प्रशंसक ने इसके लिए सोशल मीडिया के जरिए लोगों को आमंत्रित भी किया था। सिद्धू मूसेवाला के 15 साल के प्रशंसक का नाम शारजील मलिक है।

पुलिस ने बताया कि शारजील मलिक ने अपने फेसबुक वॉल पर मूसेवाला का एक पोस्टर अपलोड किया था। इसमें उसने लोगों को लाहौर से लगभग 130 किलोमीटर दूर ओकारा में अपने आवास पर मूसेवाला की पहली पुण्यतिथि समारोह आयोजित करने के बारे में जानकारी दी थी। साथ ही उसने सभी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। साथ ही पोस्टर में यह भी लिखा गया था कि दिवंगत पंजाबी गायक को याद करने के लिए और हवाई फायरिंग उसी तरह की जाएगी जैसे वह (मूसेवाला) किया करते थे।



पंजाब प्रांत के पुलिस अधिकारी असलम शाहिद ने बताया कि आरोपी प्रशंसक मलिक के एक पड़ोसी ने 29 मई को मूसेवाला की पहली पुण्यतिथि मनाने और हवाई फायरिंग के साथ कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने इसे लेकर कार्रवाई की। साथ ही पुलिस ने कार्यक्रम निर्धारित होने से एक दिन पहले रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आगे यह भी बताया कि हालांकि बाद में लड़के के लिखित रूप से माफी मांगने के बाद उसे छोड़ दिया गया।

गौरतलब है कि भारतीय रैपर और गायक सिद्धू मूसेवाला की पिछले साल 29 मई को पंजाब के मनसा जिले के जवाहरके गांव में छह हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# कीव पर रूस का हवाई हमला, कई इमारतों में लगी आग

**कीव,30 मई,2023।** कीव पर लगातार तीसरी रात भी रूस की ओर से हवाई हमले किए गए और कई इमारतों को आग के हवाले कर दिया गया। यूक्रेन की राजधानी के सैन्य प्रशासन के अनुसार, बीती रात हुए हवाई हमले के चलते तीन इमारतों में आग लग गई।



प्रशासन ने एक बयान में कहा कि शहर के दक्षिणी होलोसिवस्की जिले में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

ऊपरी दो मंजिलें नष्ट हो गई हैं और मलबे के नीचे लोग दब गए।

कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने नवीनतम हमले को बड़े पैमाने पर के रूप में वर्णित किया, निवासियों से आश्रयों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया।

हवाई हमले की चेतावनी को कई घंटों के बाद हटा लिया गया, जिसका मतलब है कि रूसी हवाई हमला कुछ समय के लिए खत्म हो गया था।

मई की शुरूआत के बाद से राजधानी पर यह 17वां हमला था।

रूस, जिसने फरवरी 2022 में युद्ध शुरू किया था, कामिकेज ड्रोन के साथ-साथ क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों की एक श्रृंखला का उपयोग कर रहा है।

पिछले दो हमलों में यूक्रेन की वायुसेना ने कहा था कि उसने सभी मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराया है।

# पाकिस्तान में 'एस्टैब्लिशमेंट' की पीठ पर है अमेरिका का हाथ ?

**इस्लामाबाद,30 मई 2023।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों पर सेना और शहबाज शरीफ सरकार के दमन चक्र को क्या अमेरिका का साथ मिला हुआ है? यह सवाल पाकिस्तान के मौजूदा हालात पर पूर्व अमेरिकी राजदूत जालमे खलिजाद की टिप्पणियों पर जो बाइडन प्रशासन की कथित नाराजगी की खबर आने के बाद उठा है।

उच्च पदस्थ अमेरिकी सूत्रों ने अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत में कहा कि रिटायर्ड राजनयिक खलिजाद किसी मुद्दे पर अपनी राय रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन अमेरिका सरकार की राय में पाकिस्तान की सियासी हालत पर उनकी हालिया टिप्पणियां से दोनों देशों के आपसी संबंधों में पेचीदगी आ सकती है।

खलिजाद अफगानिस्तान और इराक में अमेरिका के राजदूत रह चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अफगान मामलों में उन्हें अपना दूत बना रखा था। खलिजाद ट्विटर पर सक्रिय रहते हैं और हाल में उन्होंने पाकिस्तान की स्थितियों पर कई टिप्पणियां की हैं। इन टिप्पणियों से ऐसी धारणा बनी है कि वे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थन कर रहे हैं। बताया जाता है कि बाइडन प्रशासन का ध्यान तब खलिजाद की टिप्पणियों पर टिका, जब उन्होंने सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर सहित पूरे सेना नेतृत्व की कड़ी आलोचना की।

सूत्रों ने एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया कि बाइडन प्रशासन ने अपनी चिंताएं खलिजाद को बता दी हैं। उनसे कहा गया है कि पाकिस्तान की घरेलू स्थिति के बारे में कुछ कहते वक्त वे सावधानी बरतें।




यहां शहबाज शरीफ सरकार समर्थक पर्यवेक्षकों ने कहा है कि उन्हें खलिजाद की टिप्पणियां पहले ही विचित्र महसूस हुईं। इन पर्यवेक्षकों के मुताबिक खलिजाद की कई टिप्पणियों से ऐसा लगा कि वे एक राजनयिक के रूप में नहीं, बल्कि इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक के रूप में बोल रहे हैं।

अभी यह साफ नहीं है कि बाइडन प्रशासन की सलाह पर खलिजाद कितना अमल करेंगे। खलिजाद को निकटता से जानने वाले लोगों के मुताबिक पूर्व राजदूत ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिन्हें आसानी प्रभावित किया जा सके। वैसे भी उनका संबंध अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी से है, जो डेमोक्रेटिक पार्टी के मौजूदा प्रशासन की विदेश नीति की आलोचक है।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक खलिजाद जब अफगान मामलों में उलझे हुए थे, तब उनके तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान से निकटता बन गई थी। मुमकिन है कि उसी निकटता के कारण अब वे खुल कर पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थन में बोल रहे हों। पाकिस्तान में सत्ताधारी गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के समर्थक पर्यवेक्षकों का आरोप है कि इमरान खान ने अमेरिकी अधिकारियों के बीच अपनी लॉबिंग तेज कर दी है। संभव है कि खलिजाद की टिप्पणियों का एक कारण यह भी हो।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बॉल्टन ने भी हाल में पीटीआई के खिलाफ दमन की कार्रवाइयों की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि इमरान खान के साथ बदसलूकी का असर अमेरिका के साथ पाकिस्तान के रिश्तों पर पड़ सकता है। बॉल्टन का रिपब्लिकन पार्टी में काफी प्रभाव माना जाता है। पीडीएम समर्थकों का कहना है कि बॉल्टन का बयान भी इमरान खान की लॉबिंग का परिणाम है।

# ब्रिक्स सम्मेलन के लिए पुतिन को मिली डिप्लोमैटिक इम्युनिटी, गिरफ्तारी का था डर




**केपटाउन,30 मई 2023।** दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने ब्रिक्स सम्मेलन के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य रूसी अधिकारियों को राजनयिक प्रतिरक्षा (डिप्लोमैटिक इम्युनिटी) दे दी है। बता दें कि इस बार दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन होना है। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव केपटाउन पहुंचेंगे। डिप्लोमैटिक इम्युनिटी मिलने के बाद रूस के राष्ट्रपति और रूसी अधिकारियों को दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तारी या हिरासत में नहीं लिया जा सकेगा।

### पुतिन के खिलाफ जारी है गिरफ्तारी वारंट

उल्लेखनीय है कि यूक्रेन पर आक्रमण के चलते हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया हुआ है। दक्षिण अफ्रीका भी इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का आदेश मानने के लिए बाध्य है क्योंकि वह भी इसका सदस्य है। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका पहुंचने पर वहां की सरकार को पुतिन को गिरफ्तार करना पड़ता। हालांकि अब डिप्लोमैटिक इम्युनिटी मिलने के बाद पुतिन और अन्य रूसी अधिकारियों की दक्षिण अफ्रीका में गिरफ्तारी नहीं हो सकेगी।

# दूसरों की मदद करने के चक्कर में फंसा पुजारी,मंदिर के आभूषण गिरवी रखने के आरोप में छह साल की जेल

**सिंगापुर,30 मई 2023।** सिंगापुर में एक भारतीय पुजारी को छह साल जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल मंदिर की पुजारी को मंदिर के आभूषण गिरवी रखकर पैसों की गड़बड़ी करने का दोषी पाया गया था। पुजारी ने मंदिर के आभूषण गिरवी रखकर करीब 20 लाख सिंगापुर डॉलर लिए थे। भारतीय मूल के पुजारी कांडासामी सेनापति को सिंगापुर के हिंदू एंडोवमेंट बोर्ड के तहत आने वाले श्री मरिअम्मन मंदिर के पुजारी के तौर पर साल 2013 में नियुक्त किया गया था। घोटाले के सामने आने के बाद 30 मार्च 2020 को कांडासामी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### ऑडिट से हुआ खुलासा

कांडासामी सेनापति एक भारतीय नागरिक है और कोरोना महामारी के दौर में उसके द्वारा की गई धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। दरअसल कोरोना के दौरान मंदिर समिति ने संपत्ति का ऑडिट करने का फैसला किया। इसी ऑडिट में कांडासामी द्वारा की गई धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। साल 2014 में मंदिर समिति ने मंदिर के गर्भगृह की चाबियां और कोड नंबर दिया गया था। इसी गृभगृह में मंदिर का खजाना रखा है, जिसमें 255 गोल्ड ज्वैलरी रखी है, जिनकी कीमत करीब 11 लाख सिंगापुर डॉलर है।



मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेनापति ने साल 2016 में आभूषण गिरवी रखने शुरू किए थे और 2020 तक यह सिलसिला घोटाले के खुलासे तक जारी रहा। सिर्फ 2016 में ही सेनापति ने 66 सोने के आभूषण गिरवी रखे थे। गिरवी रखकर मिले पैसों में से कुछ सेनापति ने अपने बैंक खाते में रखे और कुछ पैसे भारत स्थित अपने घर भेज दिए। घोटाले के खुलासे के बाद मंदिर समिति ने पुजारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल मंदिर के सारे आभूषण मंदिर को वापस मिल चुके हैं और मंदिर समिति को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### मदद के चक्कर में की गलती

बचाव पक्ष के वकील मोहन दास नायडु ने बताया कि सेनापति, कैंसर के लिए फंड जुटा रहे अपने दोस्त की मदद करना चाहता था। साथ ही भारत में स्थित स्कूल और मंदिरों की मदद करना चाहता था। इसी के लिए उसने मंदिर के आभूषण गिरवी रखकर पैसों का इंतजाम किया लेकिन धीरे धीरे वह इसमें फंस गया। वकील ने कहा कि सेनापति की नीयत गलत नहीं थी। हालांकि अदालत ने दोषी को राहत नहीं दी और छह साल की सजा सुनाई।

# जिन्ना हाउस पर हमला मामले में इमरान खान की मुश्किल बढ़ी,जेआईटी ने आज पूछताछ के लिए बुलाया

**लाहौर,30 मई 2023।** लाहौर में नौ मई को जिन्ना हाउस पर हुए हमला मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान की मुसीबत बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जिन्ना हाउस (कोर कमांडर आवास) और सैन्य टॉवर में हिंसा और आगजनी की घटनाओं की जांच के लिए गठित संयुक्त जांच दल (जेआईटी) ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आज पूछताछ के लिए तलब किया है।

पाक मीडिया के मुताबिक, डीआईजी कामरान आदिल की अध्यक्षता वाली जेआईटी ने इमरान खान को लाहौर के किला गुज्जर सिंह स्थित डीआईजी जांच कार्यालय में पेश होने के लिए कहा है। नौ मई को हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री से पूछताछ की जाएगी।

बता दें, जेआईटी नौ मई की घटनाओं में इमरान खान की भूमिका की जांच कर रही है। पंजाब सरकार ने हिंसा की घटनाओं से संबंधित मामलों की जांच के लिए दस अलग-अलग जेआईटी का गठन किया है। हिंसक घटनाओं के संबंध में विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों में इमरान खान का भी नाम शामिल है और खान की संलिप्तता के आरोप लगाए गए हैं।

इमरान खान को नौ मई को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था। खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई कार्यकर्ताओं ने इस्लामाबाद, रावलपिंडी, लाहौर, कराची, गुजरांवाला, फैसलाबाद, मुल्तान और पेशावर सहित देशभर के शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान इमरान खान के समर्थकों ने सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी की थी। बाद में पाक सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को जामनत पर रिहा करने का आदेश दिया था।



फिलहाल खान को दो जून तक गिरफ्तारी से संरक्षण मिला हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि जेआईटी का नोटिस मिलने के बाद इमरान खान ने अपनी कानूनी टीम के साथ परामर्श किया, लेकिन अभी यह तय नहीं हो सका कि पीटीआई अध्यक्ष जांच दल के सामने पेश होंगे या नहीं।

### पूर्व पीटीआई सांसद समेत 16 पर सैन्य ट्रायल की मंजूरी

इससे पहले, आतंकवाद-रोधी अदालत ने जिन्ना हाउस में तोड़फोड़ में शामिल पूर्व पीटीआई सांसद समेत 16 संदिग्धों को कमांडिंग ऑफिसर को सौंपने की अनुमति दी थी, ताकि उन पर सैन्य कानूनों के तहत मुकदमा चलाया जा सके। नौ मई की हिंसक घटनाओं के बाद इन्हें गिरफ्तार किया गया था। हमले के संबंध में दायर दो अलग-अलग मामलों में इनके नाम दर्ज है।

### इमरान खान समर्थक पाकिस्तानी टीवी पत्रकार वापस लौटा

इस बीच, पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को समर्थन देने के कारण पिछले सप्ताह लापता हुआ एक टीवी पत्रकार मंगलवार को स्वदेश लौट आया। उसके परिवार ने इस बारे में जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक, टीवी पत्रकार सामी अब्राहिम पिछले गुरुवार को लापता हो गया था। घटना तब हुई थी जब वह इस्लामाबाद में काम से घर लौट रहा था। उस समय चार वाहनों में आठ लोगों ने उसकी कार को रोक लिया था। उसके परिवार और बीओएल टीवी ने घटना के बाद इसकी जानकारी दी थी।

अब्राहिम के वापस लौटने पर उसकी बेटी जैनब सामी ने ट्वीट कर इस खुशखबरी को साझा किया। उसने अपने ट्वीट में बताया कि उसके पिता सुरक्षित घर पहुंच गए हैं। साथ ही अपनी पोस्ट में जैनब ने उन सभी लोगों को भी धन्यवाद दिया जिन्होंने इस खबर को फैलाने में मदद की थी।

हालांकि अब्राहिम के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह कहा जा रहा है कि इसके पीछे देश की सुरक्षा एजेंसियों का हाथ है। एजेंसियों ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के अध्यक्ष खान का समर्थन करने के संबंध में इसे अंजाम दिया था।

CMYK

# क्या आदिवासी महिला के सामने गिड़गिड़ाने के बाद थाना प्रभारी अपने मामले में समझौता कराने में हुए सफल?

## आदिवासी महिला को प्रताड़ित भी किया और समझौता के लिए राज़ी कराने लगाई एड़ी-चोटी का जोरःसूत्र

» आदिवासी महिला के हृदय को निशाना बनाने में सफल हुए थाना प्रभारी,आदिवासी महिला ने दीया मानवता का परिचय थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों के लिए राहत की खबर

» मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के रक्षा कवच माने जाने वाले एसपी ने आदिवासी महिला के मामले में इतना समय दिया की प्रभारी साहब समझौता करा ही लिये

» आदिवासी महिला को जेल भेजने मामले में थाना प्रभारी दोषी सिद्ध हो सकते थे यही वजह थी कि महिला को समझाने व समझौता के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया

- रवि सिंह-
मनेंद्रगढ़,30 मई 2023
(घटती-घटना)।







जिले के पुलिस अधीक्षक का तबादला हो गया और तबादला होने व नए पुलिस अधीक्षक के पदभार ग्रहण करने से पहले एक बड़े मामले को मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी समझौता कराने में सफल हो गए, क्योंकि वह मामला उनके लिए जी का जंजाल बना हुआ था, मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के लिए सुरक्षा कवच माने जाने वाले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक कई मामलों में इनका बचाव किया है, यही वजह है कि आज तक थाना प्रभारी बड़े-बड़े आरोपों से बचने में सफल हो गए, थाना प्रभारी के लिए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुरक्षा कवच बने हुए थे, यदि यह इनका मदद नहीं करते तो आज ना तो उनका प्रमोशन होता और ना ही यह 3 साल का कार्यकाल मनेंद्रगढ़ थाना में पूरा कर पाते, शिकायतें होती रही पर मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को संरक्षण मिलता रहा, सूत्रों के हवाले से एक बार फिर एक बड़ी खबर सामने आ रही है जिसमें मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी के ऊपर आदिवासी महिला का बड़ा आरोप लगा था जिस मामले में उनके ऊपर कार्यवाही होने सुनिश्चित थी और यह बात मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी भाप चुके थे यही वजह थी कि आदिवासी महिला मामले में वह समझौता चाह रहे थे, जिसके लिए वह तमाम लोगों को लगा रखा था और महिला के ऊपर समझौता का दबाव बनाया जा रहा था, जिसके लिए मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी को उनके पुलिस अधीक्षक द्वारा काफी समय दिया गया और अंततः उनके जाने से पहले महिला के मामले में समझौता कराने में मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी सफल रहे, वैसे सूत्रों का कहना है कि समझौता बहुत आसानी से नहीं हुआ थाना प्रभारी को इसके लिए काफी लोगों के सामने गिड़गिड़ाना भी पड़ा, यहां तक कि महिला के सामने भी उन्हें सफाई देनी पड़ी और पूरे मामले में अपने आप को इनोसेंट बताने का प्रयास करते रहे और दूसरे कर्मचारियों पर मामले को थोपने का प्रयास किया गया, इस पर वह अपनी सफाई पूरी तरीके से पेश कर आदिवासी महिला के कोमल हृदय को पिघलाने में थाना प्रभारी व अन्य पुलिसकर्मियों सफल हुए और महिला को समझौता के लिए तैयार कर लिया गया, जिसके बाद मनेंद्रगढ़ थाना प्रभारी ने भी राहत की सांस ली और कहीं ना कहीं एक बार फिर अपने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक का शुक्रिया किया होगा जिन्होंने उसे इतना समय दिया जिस वजह से समझौता मुमकिन हो सका। वही विभागीय जांच की माने तो यह उस जांच में भी पूरी तरीके से फस रहे थे और शायद समझौते के बाद उस जांच के मायने भी बदल जाएंगे।

### प्रताड़ना झेलने के बाद भी आदिवासी महिला ने दिखाई दरियादिली,क्या इसके बावजूद भी इस मामले से सीख लेंगे थाना प्रभारी?

आदिवासी महिला ने काफी प्रताड़ना झेलने के बावजूद अपनी दरियादिली दिखाते हुए पुलिस वालों को एक मौका दिया है, जबकि पुलिस वालों ने उसे बिल्कुल भी मौका नहीं दिया था, उसे इस कदर परेशान किया था कि इस घटना को सुनने व जानने वाले भी पुलिस वाले की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर रहे थे, इतनी प्रताड़ना वह बेज्जती झेलने के बावजूद आदिवासी महिला ने कही न कही पुलिस को राहत ही दी है, ऐसे में महिला का शुक्रिया अदा करना चाहिए, पुलिस वालों ने तो मानवता नहीं दिखाया पर महिला ने मानवता जरूर दिखा दिया जिस वजह से मामला समझौते तक पहुंचा है।

### महिला ने तो मानवता का परिचय दे दिया पर थाना प्रभारी की मानवता तो खुलेआम शर्मसार हुई

महिला ने जिस तरीके से मानवता का परिचय दिया है इससे पुलिस को भी सीख लेनी चाहिए कि उन्हें वर्दी पहनने के बाद यह याद रखना चाहिए कि उन्हें वर्दी समाज की सुरक्षा के लिए दिया गया है ना कि समाज को भयभीत करने व समाज को परेशान करने के लिए दी गई है, पुलिस भयमुक्त समाज की कल्पना है पर पुलिस इस कल्पना से भटक चुकी है यही कारण है कि पुलिस से लोगों का भरोसा उठ चुका है पर यह घटना पुलिस वालों के लिए भी एक सीख है कि एक महिला ने उन पर दया दिखाई है और उन्हें यह संदेश दिया है कि जो घटना मेरे साथ हुई है वैसी घटना और किसी के साथ ना हो।

### यह था पूरा मामला

महिला के भाई दीपक सिंह के शिकायत अनुसार छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री के नाम एमसीबी जिला कलेक्टर एवं एसपी कार्यालय में शिकायत पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई। दीपक सिंह ने बताया मेरे बड़े पापा की लड़की सिपाही पारा में निवास करते हैं। हम आदिवासियों को शासन द्वारा हमें अपने घर में शराब बनाकर पीने की छूट है। दिनांक 25/02/2023 दिन शनिवार को मेरे बहन घर में अकेली थी मेरा जीजा भी बाहर अमरकंटक गए हुए था अचानक पुलिस वाले मेरी बहन के घर में दबिश देखकर घुस गए घर में तलाशी लेने लगे 10 बोतल कच्ची महुआ शराब जप्त कर मेरी बहन से केस नहीं बनाएंगे ऐसे कह कर पैसे की डिमांड करने लगे पुलिसकर्मियों के द्वारा 15 हजार की मांग की गई मेरी बहन ने कहा कि मेरे पास 2 हजार है अभी आप ले लीजिए बाकी का पैसा मैं आपको कल दे दूंगी नहीं माने, महिला पुलिस साथ में नहीं थी शाम के समय 07 बजे या 08 का समय होगा मेरी बहन को जबरदस्ती पुलिस वाले अपने साथ में 4 माह का छोटा बच्चा गाड़ी में बैठा कर मनेंद्रगढ़ थाना कोतवाली ले गए। शिकायतकर्ता के आरोप अनुसार दिनांक 25/02/2023 दिन शनिवार मनेंद्रगढ़ कोतवाली थाने में महिला पुलिस के बगैर उपस्थिति रात भर बहन को थाने में बैठा कर रखा गया। दिनांक 26/02/2023 को 10 लीटर शराब जप्त कर, 30 लीटर शराब का केस बना कर जेल भेज दिया मैंने अपने आवेदन में 25/02/2023 सीसीटीवी कैमरा की जांच कर फुटेज की मांग की है। ताकि हमें पता लग सके मेरी बहन के साथ कोई अन्याय तो नहीं हुआ है क्योंकि महिला पुलिस उसके साथ में होना चाहिए जो रात भर उपस्थित नहीं थी। साथ ही यह भी पता लग जाएगा। जब मेरी बहन मनेंद्रगढ़ थाना कोतवाली उस समय महिला पुलिस उसके साथ थी कि नहीं थी जो जांच का विषय है। मैं मीडिया के माध्यम से अपनी बात छत्तीसगढ़ के मुखिया तक पहुंचाना चाहता हूं। यह बताना चाहता हूं जब छत्तीसगढ़ राज्य में एक आदिवासी महिला अपने को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। प्रेस मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री से अपील है मनेंद्रगढ़ कोतवाली थाने का मामला है इससे निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें।

# नपा निगम चिरमिरी पर भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल ने लगाया बड़ा आरोप

» भाजपा चिरमिरी मंडल ने कहा शहर के कई जनहित के मुद्दों को जानबूझकर भेदभाव और अनदेखी कर चढ़ा दिया राजनीति व भ्रष्टचार की भेट

» भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल ने 6 सूत्रीय मांगो को लेकर निगमायुक्त को सौपा ज्ञापन

- रवि सिंह -
चिरमिरी 30 मई 2023
(घटती-घटना)।



नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा शहर के कई जनहित के मुद्दों पर जानबूझकर भेदभाव और अनदेखी करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी चिरमिरी मंडल ने 6 सूत्रीय मांगो को लेकर निगमायुक्त को ज्ञापन देकर मांगों को पूर्ण करने व अनियमितताओं की जांच नही होने पर सात दिवस के बाद उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव ने निगमायुक्त को सौपे गए 6 सूत्रीय ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि चिरमिरी क्षेत्र में नगर निगम के द्वारा मटमैला और दूषित पेयजल आपूर्ति विगत डेढ़ माह से निरंतर किया जा रहा है। गंदा पानी मिलने के कारण क्षेत्र के आम जनता को कई तरह की तकलीफों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे तत्काल सुधार करते हुए क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। नगर पालिक निगम के विभिन्न विभागों में रीड की हड्डी के रूप में कार्य करने वाले ठेका मजदूरों का वेतन भुगतान मार्च से मई 2023 का वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। जिसके कारण मजदूरों के परिवारों के सामने भूखों मरने की नौबत आ गई है। शहरी क्षेत्र मैं चल रहे नल जल योजना अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न खड़े हो रहे हैं, जलापूर्ति जीआई पाइप का निर्धारित मानक से कम गेज-वजन का होना पाया जा रहा है। साथ ही सतही जमीनी में उसे लगभग 2 फीट नीचे दबाए जाने की अपेक्षा मात्र 6 इंच गड्ढे में दबाया जा रहा है। इसके साथ ही पाईप लाईन विस्तार का कार्य पूर्णता में काफी विलंब हो रहा है, जिसे तत्काल तेजी लाते हुए एक समय सीमा तय किया जाकर पूर्ण कराया जाए।निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डामरीकरण कार्य बेहद गुणवत्ता विहीन किया गया है निर्धारित मानकों के अनुरूप न तो डामर का उचित मात्रा प्रयोग किया गया और न ही निर्धारित स्तर पर डामरीकरण का लेवल, साथ ही नियम विरुद्ध रूप से सीसी रोड के ऊपर भी डामरीकरण कार्य किया जाना पाया गया है। इस तरह का भ्रष्टाचार निगम और जनप्रतिनिधि के बीच बड़े घोटाले की ओर इशारा कर रहा है, जिसकी उचित जांच किया जाना आवश्यक है। पत्र में मंडल अध्यक्ष ने आगे कहा है की नगर निगम चिरमिरी के कांग्रेस महापौर और सभापति बहुमत के साथ विराजमान हैं, जिसके कारण भाजपा के पार्षदों के वार्डों में किसी प्रकार के विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। जितनी भी योजना निगम के माध्यम से चलाई जा रही हैं उसका लाभ केवल कांग्रेसी पार्षद के वार्डो को ही मिल रहा है इस प्रकार विकास कार्यों में भेदभाव से भाजपा पार्षदों व उनके वार्डो में निगम सरकार के प्रति भारी रोष देखने को मिल रहा है इसी मुद्दे पर वार्ड क्रमांक अट्ठारह के पार्षद द्वारा आत्मदाह की चेतावनी भी निगम को दी गई है। इसके साथ ही निगम अंतर्गत आने वाले वृद्धा व विधवा पेंशन के हितग्राहियों को महीनों का इंतजार को करना पड़ रहा है। अपनी इन 6 सूत्रीय मांगो को भाजपा मंडल अध्यक्ष ने 7 दिवस में पूर्ण करने की मांग करते हुए निगमायुक्त को कहा है की मांगो और जांच के नही होने पर भाजपा उग्र आंदोलन और धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सलूजा, सतनारायण सिंह, धर्मेंद्र त्रिपाठी, लव कुमार, तेज नारायण सिंह, श्रीमती रानी गुप्ता, पवन कुमार एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्री हनुमत विजय यज्ञ का अनुष्ठान का आयोजन 1 जून को

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,30 मई 2023 (घटती-घटना)।



मनेन्द्रगढ़ अंबिकापुर रोड कलेक्टर के पास चैनपुर टीवीएस शोरूम के बगल में 1 जून से 5 जून तक श्री हनुमत विजय यज्ञ का अनुष्ठान किया जा रहा है, आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है, पंच दिवसीय श्री हनुमत विजय यज्ञ के संबंध में जानकारी देते हुए स्वामी रामानुजाचार्य चित्रकूट धाम ने बताया कि 1 से 5 जून तक पंच दिवसीय यज्ञ का अनुष्ठान किया जा रहा है, उपरोक्त आयोजन मानव कल्याण एवं सनातन धर्म की रक्षा हेतु किया जा रहा है, स्वामी रामानुजाचार्य ने समस्त क्षेत्रवासियों से अनुरोध करते हुए आवाहन किया है कि इस यज्ञ में धर्म की रक्षा एवं मानव कल्याण के लिए आगे कर इस कार्य को आगे बढ़ाएं. पंच दिवसीय यज्ञ के उपरांत 6जून मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, स्वामी रामानुजाचार्य ने क्षेत्र के समस्त धर्म अनुरागी जनों से इस अवसर पर सपरिवार शामिल होकर धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में होने वाले यज्ञ का उद्देश्य विश्व के कल्याण के लिए होता है। यज्ञ के कारण यज्ञ स्थल और आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वहां विराजमान नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं।

उन्होंने कहा कि धन्य है यह मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र जहां प्रत्येक वर्ष धर्म जागरण के क्रम में कोई न कोई अनुष्ठान होता रहता है, उन्होंने कहा कि रामायण में भगवान श्री राम जी के साथ तो महाभारत में अर्जुन के रथ के ऊपर विराजमान, भगवान हनुमान जी अपने होने का प्रमाण खुद देते हैं। 'नासे रोग हरे सब पीरा। जो सुमिरे हनुमंत बलबीरा। हनुमान चालीसा की यह चौपाई बताती है कि बजरंग बली सभी प्रकार रोगों और पीड़ाओं से मुक्ति दिला सकते हैं। इसी प्रकार कलयुग में हनुमान यज्ञ सभी प्रकार की पीड़ा से मुक्ति दिलाने वाला और धन और यश की प्राप्ति के लिए एक उत्तम और चमत्कारिक उपाय के रूप में बताया जाता है। आचार्य गणों के अनुसार हनुमान यज्ञ को एक सिद्ध ब्राह्मण की आवश्यकता से ही विधिवत पूर्ण किया जा सकता है। जो भी व्यक्ति हनुमान यज्ञ से हनुमान जी की पूजा करता है और ध्यान करता है। उसके जीवन में सभी समस्याएं निश्चित रूप से समाप्त हो जाती है।

# भूपेश सरकार के संरक्षण में भष्ट्राचार का खेल चल रहा हैःओपी चौधरी

» भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व आईएएस ओ पी चौधरी बैकुंठपुर में बने गुरूजी,बच्चों को दिए कामयाबी के टिप्स

» पार्टी कार्यकर्ता के दम पर कांग्रेस की भष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेगे

» कोरिया सर्व विकास समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने पुष्प गुच्छ देकर बैकुंठपूर में किया ओ पी चौधरी का स्वागत

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर,30 मई 2023
(घटती-घटना)।




कोरिया जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वेलोसिटी एवं कोरिया सर्व विकास समिति के तत्वाधान में करियर मार्गदर्शन, परामर्श एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन होटल गंगा श्री में किया गया। पूर्व आईएएस अधिकारी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्री ओ पी चौधरी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। कोरिया सर्व विकास समिति के संरक्षक देवेन्द्र तिवारी ने पुष्प गुच्छ देकर ओ पी चौधरी को सम्मानित किया। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य वंदना राजवाड़े, जिला सह कार्यालय प्रभारी लव रवि, मंडल अध्यक्ष कुबेर साहू, प्यारे साहू, गोपाल राजवाड़े, धीरेन्द्र साहू, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष हितेश सिंह, महिला जिलाध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े, अवधबिहारी जायसवाल, जगदीश साहू, डॉ.राकेश शर्मा, रामप्रताप मराबी, रामचन्द्र राजवाड़े,सुभाष साहू, शारदा गुप्ता, सतेन्द्र राजवाड़े, मनोज साहू, हर्षल गुप्ता, सुदीप सोनी, मनोज सोनी, रवि त्रिपाठी, प्रताप सिंह, संगीता गुप्ता, दीपा विश्वकर्मा, सोनालाल राजवाड़े, शेख ईरशाद, संतोष राजवाड़े, शिवम सागर, सत्यम गुप्ता, कमलेश राजवाड़े, रवि सहित अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

श्री चौधरी ने बच्चों को सफलता के मंत्र दिए। सभी छात्र छात्राएं ने मंत्रमुग्ध होकर ओ.पी. सर को सुना, सर ने सभी बच्चों से बारी बारी से बात की और बच्चों की उत्सुकता भरे सभी सवालों का बखूबी जवाब दिया। सर की ओर से दिए गए टिप्स के बाद छात्र छात्राएं ना केवल प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं, बल्कि संस्थान के शिक्षक भी उनके द्वारा दी गई सीख से नई ऊर्जा से भर गए हैं। सर की ओर से मिली टिप्स के बाद छात्र छात्राएं बेहद खुश और प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं. छात्र छात्राओं का कहना है कि सर की तरफ से जो बातें उन्हें बताई,कहीं गई हैं, उससे उनको ऐसा लगता है कि अपने जीवन में अगर वाकई में उन बातों को अपनाएं तो उन्हें कामयाबी ज़रूर मिलेगी।

### ओ पी चौधरी को इको फेंडली गुलदस्ता भेंट किया गया

कार्यक्रम में कोरिया बालग्रह के बच्चों ने मुख्य अतिथि ओ पी चौधरी को इको फ्रेंडली गुलदस्ता भेंट किया, सभी मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान होटल गंगाश्री सैकड़ों बच्चों से खचाखच भरा रहा। कोरिया सर्व विकास समिति एवं वेलोसिटी एजुकेशन के सदस्यों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर श्री चौधरी का अभिवादन किया गया साथ ही उनसे पुनः बैकुंठपुर पधारने के लिए आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम की संयोजन संस्था वेलोसिटी एजुकेशन ने ओपी चौधरी सहित समस्त अतिथियों, अभिभावकों व बच्चों का आभार जताया और भविष्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के विकास पर छात्र छात्राओं के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

पूर्व कलेक्टर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी कोरिया प्रवास के दौरान पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए-पूर्व कलेक्टर एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान पार्टी कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियों पर कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, शैलेष शिवहरे, लक्ष्मण राजवाड़े, कमलेश यादव, महामंत्री विनोद साहू, पंकज गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह, विधानसभा विस्तारक विश्वनाथ साहू उपस्थित थे। प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व भारत एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप अपना स्थान बनाया है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार में कई ऐतिहासिक फैसले भी लिए है।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ का नाम माफियागढ़ घोषित करना चाहिए

ओपी चौधरी ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेस सरकार बनने के बाद से प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, रोजगार, उद्योग जैसे तमाम जरूरी मूलभूत काम ठप है, छत्तीसगढ़ में दिनो-दिन डकैती, लूट-हत्या जैसी अनेक अपराध बढ रहा है साथ ही दूसरी ओर रेत माफिया,कोयला माफिया, शराब माफिया, ट्रांस्फर माफिया, गोठान माफिया एवं भू माफियाओं का हौसला बुलंद है, प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह अपराधियों पर लगाम लगाने में असफल हो रही है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ का नाम माफियागढ़ घोषित करना चाहिए। प्रदेश महामंत्री श्री चौधरी ने कहा कि, भूपेश सरकार एटीएम के रूप में कार्य कर रही है, छत्तीसगढ़ का पैसा अपने-अपने ढाई-ढाई साल के सरकार को बचाने के लिए गांधी परिवार को पैसा पहुंचा रही है। कांग्रेस सरकार से प्रदेश की जनता त्रस्त है आने वाले समय में आम जनता के साथ पार्टी कार्यकर्ता के दम पर कांग्रेस की भष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

### प्रदेश की जनता के साथ बड़ा धोखा

जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, प्रदेश में नए-नए घोटाले का उजागर हो रहा है इससे स्पष्ट होता है कि, प्रदेश भूपेश सरकार के संरक्षण में भष्ट्राचार का खेल चल रहा है और प्रदेश की जनता के साथ बड़ा धोखा है।

### ओपी चौधरी के कोरिया आगमन पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप ने सैकडो कार्यकर्ता के साथ किया भव्य स्वागत बैकुंठपुर-

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ,पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी का कोरिया जिला आगमन पर भारतीय जनता पार्टी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा जोशीला स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल स्वयं रेलवे स्टेशन में उनका स्वागत किये साथ में भाजपा उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, भाजयुमो जिलाअध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह युवा मोर्चा प्रदेश कार्यस्मिति सदस्य सतेंद्र रजवाड़े, भाजपा मिडिया प्रभारी तीरथ रजवाड़े जनपद सद्स्य श्री राम चंद्र रजवाड़े, भाजयुमो के महामंत्री कुनाल जयसवाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष कमलेश रजवाड़े, उमाशंकर बंटी, स्चिदा नंददुबे, जिला भाजपा मंत्री रमेश तिवारी, तरुण पैकरा, सोनहत मंडल अध्यक्ष सुरेश रजवाड़े, चरचा मंडल अध्यक्ष श्री राम दुबे, रोशन रजवाड़े, राजेश यादव, मनोज सोनवानी, सरजू देवागन, संतोष यादव, गणेश यादव, शरद कुमार सिंह, रोशन विश्वकर्मा, पंकज कुमार दुबे, गोलू गुप्ता, अजय कुरे भारी संख्या में युवा मोर्चा के साथी जन उपस्थित रहे। ओपी चौधरी बैकुंठपुर के एक दिवसीय प्रवास पर आए हैं। उन्हें शहर की एक शिक्षण संस्था द्वारा आयोजित करियर मार्गदर्शन, परामर्श एवं मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान कार्यक्रम में बतौर अतिथि सामिल होना है। यह आयोजन वेलोसिटी एजुकेशन द्वारा कोरिया सर्व विकास समिति के सहयोग से कराया जा रहा है। इस आयोजन के बाद श्री चौधरी लगभग 3 बजे भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर जशपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

CMYK

# दिव्यांग बैजूराम एक्का को मिला ट्राईसाईकिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 30 मई 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन आयोजित हुई। इस दौरान निगम कमिश्नर प्रतिष्ठा ममगई और अपर कलेक्टर अमृतलाल धुर्वे ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के आए हुए नागरिकों की मांग और शिकायत सुनीं। जनदर्शन में कुल 111 आवेदन प्राप्त हुए जिसके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।






जनदर्शन में लुण्ड्रा विकासखण्ड के दिव्यांग बैजूराम ने ट्राइसाइकिल की मांग को लेकर आवेदन दिया। जिस पर जिला प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग बैजूराम को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराया। निगम कमिश्नर प्रतिष्ठा ममगई ने दिव्यांग को चाभी सौंपी।जनदर्शन में बतौली ब्लॉक के ग्राम कोरबंदना की रहने वाली सुपिला पैकरा अपने बहन के दो बच्चों की पढ़ाई को लेकर आवेदन दिया। सुपिला ने बताया कि माता-पिता के अभाव में बच्चे हमारे साथ ही रहते हैं, इनके भरण पोषण और पढ़ाई में बड़ी दिक्कत हो रही है। बच्चों के स्कूल दाखिला के लिए जनदर्शन में आवेदन दिया। जिस पर जिला प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आगामी स्कूल सत्र में नज़दीकी शासकीय हॉस्टल में दाखिला के लिए बीईओ को निर्देश दिया है। अब इन बेसहारा बच्चों को जिला प्रशासन का सहारा मिल गया है।

जनदर्शन में बतौली ब्लॉक के ग्राम खड़धोवा की रहने वाली श्यापति यादव ने राशनकार्ड बनाने हेतु आवेदन किया। जिस पर जिला प्रशासन ने खाद्य विभाग द्वारा त त्का ल राशनकार्ड बनवाकर उपलब्ध कराया। श्यामपति यादव ने राशनकार्ड मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ शासन को धन्यवाद दिया।

## अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग के द्वारा लगातार की जा रही कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में अवैध रेत तस्करों पर अब माइनिंग विभाग पूर्ण रूप से शिकंजा कसने की तैयारी में है जहां कुछ दिन पहले बरहमपुर में अवैध रेत



तस्करी को लेकर 90 ट्रैक्टर रेत की जब्ती बनाई गई थी तो वहीं बताया जा रहा हैं की अब बुधवारी मुड़ापार रोड स्थित सामुदायिक भवन के अहाते में अवैध रूप से भंडारण की गई 20 ट्रैक्टर रेत के मामले में खनिज विभाग ने कार्यवाही की है।जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक ने बताया कि जिले में दो बड़ी रेत खदाने स्वीकृत है जो कि वैधानिक तौर से संचालित हैं जिसमे पहली बांगो और दूसरी कुटेशर नगोई। वही 11 रेत खदानों के आशय पत्र जारी किए गए हैं और 07 रेत खदानों के घोषणापत्र जारी किए गए। बताया जा रहा हैं की खनिज विभाग ने मई माह में अवैध रेत परिवहन के 28 मामलों पर और 02 अवैध रूप से भंडारित किए गए रेत के मामले पर कार्यवाही की है।

## भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ व हसदेव मंडल की बैठक झगड़ाखांड रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में हुआ संपन्न

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़,30 मई 2023
(घटती-घटना)।





भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ व हसदेव मंडल की बैठक झगड़ाखांड रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मण्डल स्तर की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष तथा प्रवास प्रभारी अखिलेश सोनी उपस्थित रहे उन्होंने कहा चुनावी बेला नजदीक है। इसलिए सभी पदाधिकारी संगठनात्मक कार्यों में रात दिन जुट जाए। आगामी चुनाव को लेकर मंडल के सभी पदाधिकारी द्वारा पार्टी के कार्यकर्ताओं से मंडलवार मंडल अध्यक्षो सहित अन्य मोर्चा से प्रत्यक्ष रूप से रुबरु हुए. पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है और सरकार कार्यकर्ता के बलबूते पर बनती और गिरती है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को लेकर ही अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकती है। पदाधिकारियो को जमीनी स्तर पर जनसेवा तथा जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं करें.पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले द्वारा केंद्र सरकार की नीतियों को जनता के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने की अपील की गई ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर मंथन हुआ तथा आगामी रणनीति भी तय की गई।

पूर्व जिलाध्यक्ष लखन श्रीवास्तव ने संगठन की रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती के लिए जुट जाएं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत से हर बूथ पर कार्यकर्ताओं से सतत संपर्क शुरू करें। इस बैठक में पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चम्पादेवी पावले, पूर्व केबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह,लखन लाल श्रीवास्तव,जया कर, अंजू उर्मेलिया,जनार्दन साहू, गोमती द्विवेदी , जमुना पाण्डेय,मुकेश जायसवाल, धर्मेंद पटवा ,प्रतिमा पटवा, पुर्व् महापौर डमरु बेहरा , जिला महामंत्री रामलखन सिंह , वीरेंद्र सिंह राणा विधानसभा प्रभारी मनोज शर्मा, मनेन्द्रगढ़ मंडल अध्यक्ष आलोक जायसवाल व हसदैव मंडल के मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता सहित दोनो मंडल के महामंत्रीगण मृत्युंजय मुखर्जी, महेंद्रपाल, विवेक अग्रवाल एवं सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, व प्रकोष्ठ के सहित शक्ति केंद्र के प्रभारी, बूथ केंद्रों के अध्यक्ष एवं सचिव एवं भा ज पा के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जिला संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल ने बूथ स्तर तक के कार्यों की समीक्षा

- संवाददाता -
कोरबा,30 मई 2023
(घटती-घटना)।




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान एवं मंडल प्रवास कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय बूथ सशक्तिकरण अभियान तथा महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम लगातार जारी है, इसी कड़ी में पसान मंडल की कार्यसमिति बैठक सामुदायिक भवन जटगा में संपन्न हुई। जिला के संगठन प्रभारी श्याम बिहारी जायसवाल जी ने पसान मंडल के बूथ स्तर तक के कार्यों की समीक्षा की, साथ ही साथ प्रदेश के कांग्रेस सरकार के खिलाफ आगामी आंदोलन एवं विभिन्न कार्यक्रम को योजना बनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संगठन सह प्रभारी गोपाल साहू जी, भाजपा जिलाध्यक्ष डा.राजीव सिंह जी, संतोष देवांगन जी, अजय जायसवाल जी, विजय जगत जी, लक्की नंदा जी, अजय चंद्रा जी, राम नारायण उरैती जी सहित मंडल अध्यक्ष पवन पोया, महामंत्री, मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारी, शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, सहसंयोजक, बूथ अध्यक्ष एवम मंडल में निवासरत कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल वार्ड बना मनेन्द्रगढ़ कप 2023 का सिरमौर,रानी दुर्गावती वार्ड रहा उपविजेता





- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़,30 मई 2023 (घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच सोमवार रात को मिनी स्टेडियम में खेला गया है रोमांचक मैच में सरदार पटेल वार्ड नं 1 ने रानी दुर्गावती वार्ड नं 17 को हराकर विजेता ट्राफी अपने नाम कर लिया। फाइनल मैच का लुफ्त उठाने मिनी स्टेडियम में खेलप्रेमियों का सैलाब उमड़ पड़ा। फाइनल मैच में वार्ड क्रमांक 1 की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।वार्ड क्र. 01के सलामी बल्लेबाज शाहरुख 28 गेंद पर 5 चौके व 2 छक्के मार कर 42 रन , दूसरे ओपनर संदीप 22 गेंद पर 3 चौके व 2 छक्के की मदद से 30 रन बनाये एवं मध्यक्रम के बल्लेबाज हसनैन ने 9 गेंद पर 1 चौके व 3 छक्के की मदद से 25 रन की शानदार पारी खेलकर वार्ड नं 1 की टीम ने अपने निर्धारित12 ओवरों में 6 विकेट खो कर 129 रन बनाए । गेंदबाजी में वार्ड क्र 17 के सागर ने 3 विकेट एवं सुनील को 1 विकेट प्राप्त हुआ । 130 रनो का पीछा करने उतरी वार्ड क्र? 17 के ओपनर अभिषेक 9 गेंद पर 2 चौके व 2 छक्के की मदद से 24 रन, ऑलराउंडर सुनील ने 18 गेंद पर 7 छक्के की मदद से 49 रन बनाया , वार्ड क्र 17 की टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट गवां कर 112 रन ही बना सकी और वार्ड क्र 1 की टीम 17 रनो से मनेन्द्रगढ़ कप 2023 का फाइनल मुकाबला जीत लिया। गेंदबाजी में वार्ड क्र 1 के गेंदबाज सोहेल ने 3 ओवरों में 26 रन देकर 4 विकेट , अशद ने 2 ओवरों में 29 रन दे कर 3 विकेट लेकर अपनी टीम को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।फाइनल मैच का मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार शोहेल ने प्राप्त किया।अम्पायर नरेन्द्र सिंह रैना और इरफान,स्कोरिंग शुभम सिंह ने की।फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शोहेल और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार अंशु विश्वकर्मा को दिया गया। वही बेस्ट बॉलर सोहेल, बेस्ट बैट्समैन विक्की रोहणी, बेस्ट फील्डर अमन को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व विधायक गुलाब कमरों ने कहा कि प्रेसिडेंट क्लब मनेन्द्रगढ़ द्वारा खेल प्रतिभाओ को उभारने एवं



स्वस्थ्य मनोरंजन के उद्देश्य से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता ने एक इतिहास का सृजन किया है। जनभावनाओं के अनुरूप मनेन्द्रगढ़ में खेल प्रतिभावों को उभारने हर सुविधाए मुहैया कराए जाने आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल ने कहा कि मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए जल्द स्थायी बिजली की व्यवस्था कर दी जाएगी और अनुशासित रूप से संचालित टूर्नामेंट की सराहना की। कार्यक्रम में मनेंद्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह को सर्वश्रेष्ठ संचालक के लिए भी सम्मानित किया गया। मनेन्द्रगढ़ प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने कहा कि इस वर्ष के टूर्नामेंट में सभी वार्डों के खिलाड़ियों ने जो खेल भावना का परिचय दिया है वह अपने आप में एक मिसाल है यह टूर्नामेंट आने वाले वर्षों में जन सहयोग से और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा जिसमें शामिल खिलाड़ी प्रदेश और देश स्तर पर मनेन्द्रगढ़ शहर का नाम रोशन करेंगे खेल के मध्यांतर में मास्टर वाशिम की टीम द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन भी किया गया।इस दौरान पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी,रिटायर्ड प्रिंसिपल एल एन सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता बड़कू ,सांसद प्रतिनिधि अशोक श्रीवास्तव,मनोज कक्कड़,गोपाल गुप्ता,नागेंद्र जायसवाल,अजय जायसवाल, पप्पू हुसैन ,सईद खान,इमरान खान,अजीमुद्दीन अंसारी,जमील शाह,व्यंकटेश सिंह,हफ़ीज़ मेनन,सुनैना विश्वकर्मा,रामचरित द्विवेदी, गौरी, संजय सिंह सेंगर, विकास श्रीवास्तव,स्वप्निल सिन्हा,सौरभ मिश्रा,बलवीर कौर ,सुरजीत सिंह रैना, हरीश गुप्ता,अमित चावड़ा, गोलू रैना,गोलु गुप्ता,अतुल सोनी,याकूब सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सरगुजा में पहली बार महिला समूह बना रहीं जैम,जेली,शरबत,महुआ चटनी जैसे उत्पाद



» स्थानीय स्तर पर होगी कच्चे माल की आवक, बाजारों तक पहुंचेंगे सरगुजा के नेचुरल प्रोडक्ट



- संवाददाता -
अम्बिकापुर,30 मई 2023
(घटती-घटना)।

मेंड्राकला महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क के तहत फ़ूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में महिला उद्यमी हाथ आजमा रहीं है। रीपा के जरिए जिले में पहली बार जैम, जैली, सॉस, मिक्स अचार, महुआ चटनी सहित विभिन्न तरह के उत्पादों का शक्ति बचत महिला समूह से जुड़ी महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। दस दिनों का प्रशिक्षण पूर्ण कर अब उद्यमी महिलाएं रीपा में उत्पादों का निर्माण कर रही हैं जिन्हें बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है।

बायोटेक लैब के वैज्ञानिक डॉ प्रशांत ने बताया कि उद्यानिकी विभाग के निर्देशन में बायोटेक लैब में हुए प्रशिक्षण में इमली का आचार, जैम, जेली, पपीते का फ्रूटी, आम का पना, मिक्स आचार, आम का आचार, कटहल का आचार बनाना सिखाया गया है। आधुनिक तकनीकों से सीखकर अब ये महिलाएं ना सिर्फ अब इनका उत्पादन कर सकेंगी बल्कि इनसे इन्हें अच्छी आमदनी भी होगी।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में कटहल आम, टमाटर, पपीता सहित अन्य उद्यनिकी फसलों का उत्पादन अच्छा होता है। इसी कारण जिला प्रशासन द्वारा इनसे बने उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है जिससे कच्चे माल की उपलब्धता आसानी से बनी रहे। मेंड्राकला रीपा में फूड प्रोसेसिंग इकाई प्रारंभ हो चुकी है। अब स्थानीय फलों और सब्जियों से निर्मित उत्पाद स्थानीय बाजारों में उपलब्ध होंगे।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों को अर्थव्यवस्था का केंद्र बनाने गांवों में ग्रामीण औद्योगिक पार्क तैयार किए गए हैं। इस योजना से प्रदेश की युवाओं और महिलाओं को रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना रहा गोधन न्याय योजना

- संवाददाता -
कोरबा,30 मई 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना अंतर्गत कटघोरा विकासखंड के बुंदेली गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित कर आमदनी अर्जित कर रहीं हैं और अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रहे हैं। इस गौठान में ग्राम के तीन स्व सहायता समूह के सदस्य जुड़कर गौठान में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद निर्माण, केंचुआ उत्पादन, सब्जी उत्पादन जैसी अन्य गतिविधियां संचालित कर स्वावलंबी बन रहीं हैं।

जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर बुंदेली गौठान में नियमित गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण समूह की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण से जुड़ी गायत्री स्व सहायता समूह की सदस्य श्रीमती उमा देवी ने बताया कि समूह के सभी सदस्य प्रशिक्षण लेकर गौठान में वर्मी खाद बनाने का कार्य कर रहे हैं। गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा अब तक 3 लाख 84 हजार 345.50 किलो गोबर की खरीदी की है। जिससे 1 लाख 22 हजार 738 किलो जैविक खाद का निर्माण हुआ है। अब तक 1 लाख 4 हजार 748 किलो वर्मी खाद का विक्रय किसानों को किया गया है। जिससे समूह की महिलाओं को 3 लाख 42 हजार 525 रूपए का लाभ हुआ है। गौठान में गायत्री स्व सहायता समूह के सदस्य आजीविका गतिविधि



कार्य से बेहद खुश हैं और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि सभी महिलाएं घरेलू कार्य के साथ- साथ आजी विका के लिए रोजी-मजदूरी का कार्य करतीं थीं। इस हेतु उन्हें नहीं चाहते हुए भी गांव से बाहर जाना पड़ता था। प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत गांव में गौठान का निर्माण हो जाने से उन्हें गांव में ही आजीविका का स्रोत मिल गया है। महिलाएं अब गौठान में अपनी रूचि अनुसार कार्य करके आय अर्जित कर रहीं हैं।

इसी प्रकार से बुंदेली गौठान में दुर्गा एवं जय अम्बे स्व सहायता समूह की महिलाएं भी आजीविका गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहे हैं। यह समूह सब्जी उत्पादन का कार्य गौठान में कर रहे हैं। उनके द्वारा आलू, प्याज, लाल भाजी, टमाटर, अदरक, बरबट्टी, भिण्डी जैसे अन्य मौसमी सब्जियों का उत्पादन किया गया हैं। समूह द्वारा खरीफ एवं रबी सीजन के अनुसार विभिन्न सब्जी उत्पादन कर 60 हजार से अधिक की आमदनी अर्जित की गई है। इस कार्य से समूह के सभी सदस्य खुश हैं और आय भी प्राप्त कर रहे हैं। अब ये महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम बन रही है। साथ ही अपनी परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाकर सुदृढ़ कर रही है। महिला समूह की दीदियों का कहना है कि गौठान से उन्हें आर्थिक संबल मिला है। जिससे वे स्वावलम्बी बनकर निरंतर उन्नति की राह पर अग्रसर हो रही है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

रा.प्र.क्र.20230502120055 /अ-6/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक दीपक कुमार कालड़ा, अमर कुमार कालड़ा आ0 रमेश कुमार कालड़ा जाति-सिन्धी निवासी-देवीगंज रोड, रूपदेव मार्केट नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रेता-भीखू प्रसाद सोनी आ0 पंचम राम सोनी, उम्र-79 वर्ष, जाति-सोनार, निवासी-मायापुर, नगर अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ0ग0 एवं साकेत कुमार सोनी आ0 स्व0 जगदीश प्रसाद सोनी, उम्र- 40 वर्ष, जाति-सोनार, निवासी-मायापुर नगर अम्बिकापुर के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 02, मोहल्ला-रामानुजगंज रोड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट 465/3, 466/2 रकबा 1415.7, 653.4 वर्गफिट भूमि है। उक्त नजूल प्लाट नजूल 465/3, 466/2 रकबा 1415.7, 653.4 वर्गफिट में से रकबा 700.13,625.00 वर्गफिट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 27.03.2023 के द्वारा अनावेदक/विक्रेता-भीखू प्रसाद सोनी आ0 पंचम राम सोनी, उम्र- 79 वर्ष, जाति-सोनार, निवासी मायापुर नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 एवं साकेत कुमार सोनी आ0 स्व0 जगदीश प्रसाद सोनी, उम्र-40 वर्ष जाति-सोनार, निवासी-मायापुर, नगर अम्बिकापुर से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 27.03.2023 के आधार पर अपने नाम नामान्तरण किये जाने बावत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110,छ0ग0,भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 14/06/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/05/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

CMYK

# आईपीएल के पुरस्कार समारोह में हुई पैसों की बरसात

**नई दिल्ली,30 मई 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग 2023 (आईपीएल) का समापन हो चुका है। फाइनल मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) पर पांच विकेट से जीत हासिल की थी। इस जीत के साथ ही चेन्नई सुपर किंग्स पांचवीं बार खिलाब अपने नाम किया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस ने आईपीएल फाइनल में 214/4 का सबसे बड़ा टोटल बनाया। युवा खिलाड़ी साई सुदर्शन ने सिर्फ 47 गेंदों पर 96 रन बनाए। बारिश ने खेल को फिर से बाधित किया और संशोधित लक्ष्य 15 ओवर में 171 रन किया गया जिसे चेन्नई ने हासिल कर लिया।

खेल समाप्त होने के बाद, प्रस्तुति समारोह में शुभमन गिल ने 40 लाख रुपये की बड़ी राशि लेते हुए देखा, क्योंकि उन्होंने चार मूल्यवान पुरस्कार जीते। उपविजेता, गुजरात टाइटन्स को 12.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिली, जबकि चैंपियंस सीएसके को 20 करोड़ रुपये की मोटी रकम मिली।

पुरस्कार समारोह में पैसों की जमकर बरसात हुई



### फाइनल के लिए पुरस्कार राशि

स्ट्राइकर ऑफ द मैच - अजिंक्य रहाणे (सीएसके) - 1 लाख रुपये
गेम-चेंजर ऑफ मैच - साई सुदर्शन (जीटी) - 1 लाख रुपये
मैच की सबसे मूल्यवान संपत्ति - साई सुदर्शन (जीटी) - 1 लाख रुपये
फाइनल के ऑन-द-गो 4 - साई सुदर्शन (जीटी) - 1 लाख रुपये
मैच का सबसे लंबा छक्का - साई सुदर्शन (त्वज्ञ) - 1 लाख रुपये
कैच ऑफ द मैच - एमएस धोनी (सीएसके) - 1 लाख रुपये
प्लेयर ऑफ द मैच - डेवोन कॉनवे (सीएसके) - 5 लाख रुपये

आईपीएल 2023 पुरस्कार विजेता और पुरस्कार राशि

आईपीएल 2023 के उभरते हुए खिलाड़ी - यशस्वी जायसवाल (आरआर) - 10 लाख रुपये
आईपीएल 2023 के स्ट्राइकर - ग्लेन मैक्सवेल (आरसीबी) - 10 लाख रु
आईपीएल 2023 का गेम-चेंजर - शुभमन गिल (जीटी) - 10 लाख रुपये
आईपीएल 2023 के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर - शुभमन गिल (जीटी) - 10 लाख रुपये
आईपीएल 2023 का सबसे लंबा छक्का- फाफ डु प्लेसिस (आरसीबी)- 10 लाख रु
कैच ऑफ द सीजन - राशिद खान (जीटी) - 10 लाख रुपये
आईपीएल 2023 में ऑन-द-गो फोर - शुभमन गिल (जीटी) - 10 लाख रुपये
फेयरप्ले अवार्ड - दिल्ली कैपिटल्स (केवल ट्रॉफी)
ऑरेंज कैप विजेता - शुभमन गिल (जीटी) - 10 लाख रुपये
पर्पल कैप विजेता - मोहम्मद शमी (जीटी) - 10 लाख रुपये
बेस्ट पिच और ग्राउंड- ईडन गार्डन्स और वानखेड़े स्टेडियम- 50 लाख रुपये
उपविजेता टीम - गुजरात टाइटंस - 12.5 करोड़ रु
विजेता टीम- चेन्नई सुपर किंग्स- 20 करोड़ रु

## फ्लेमिंग ने कहा,जडेजा ने साबित कर दिया कि खेल में परीकथाएं होती हैं



**अहमदाबाद,30 मई 2023।** स्टीफन फ्लेमिंग खेल में परियों की कहानियों में विश्वास नहीं करते लेकिन रविंद्र जडेजा का बेजोड़ बल्लेबाजी करके चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को उसका पांचवां आईपीएल खिताब दिलाना इसी तरह की कहानी करीब है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में अंतिम ओवर में जीत के लिए सीएसके को 13 रन की जरूरत थी लेकिन टीम शुरुआती चार गेंद में तीन रन ही बना सकी। जडेजा ने इसके बाद मोहित शर्मा की आखिरी दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टाइटंस से जीत छीन ली। फ्लेमिंग ने सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के बाद संवाददाताओं से कहा,'' वे कहते हैं कि खेल में परियों की कोई कहानी नहीं होती लेकिन आज बहुत अच्छी कहानी थी। पिछले 18 महीने थोड़े मुश्किल रहे, क्योंकि कप्तानी मुश्किल थी, चोट की समस्या थी, उसने (जडेजा ने)खेल से बाहर थोड़ा समय बिताकर वापसी की और टेस्ट टीम में जगह बनाई और फिर सीएसके की टीम में।''

असल में मोहित की अंतिम दो गेंद पर जडेजा की शानदार बल्लेबाजी से पहले फ्लेमिंग ने मन ही मन हार मान ली थी। फ्लेमिंग ने कहा, ''हम आखिरी गेंद पर फाइनल हारे हैं जो दिल तोड़ने वाला रहा है। मैं खुद को एक बार फिर दिल टूटने के लिए तैयार कर रहा था जब जडेजा ने छक्का लगाया और इसके बाद दिल भी टूट सकता था और खुशी भी मिल सकती थी, मैं सुनिश्चित नहीं था।'' उन्होंने कहा, '' लेकिन जब मैंने देखा कि गेंद बाउंड्री की ओर जा रही है तो यह परम आनंद था। यह प्रतियोगिता आपको ऐसे भावनात्मक स्तर तक ले जाती है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते।'' फ्लेमिंग ने जडेजा की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा ''वह गेंद के साथ शानदार भूमिका निभाता है, लेकिन हमारे पास इतने सारे बल्लेबाज हैं कि हम उसका उपयोग निचले क्रम में करते हैं।

महेंद्र सिंह धोनी उसे वहां तक पहुंचाने में बहुत सहायक और सक्रिय रहे हैं तथा आज वह उस विश्वास पर खरा उतरा।'' सीएसके के कोच ने कहा कि पहले हाफ में उनकी टीम ने खराब प्रदर्शन किया लेकिन बारिश से प्रभावित मैच के आगे बढ़ने के साथ टीम बेहतर होती गई और आत्मविश्वास भर गई। उन्होंने कहा, ''215... मैंने सोचा कि यह अच्छा स्कोर था लेकिन बारिश आ गई और हमें लय बदलनी पड़ी। हमने सोचा कि पिच के आसपास नमी को देखते हुए इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए काफी अच्छी बल्लेबाजी की जरूरत थी।'' फ्लेमिंग ने कहा, ''शुरुआत वास्तव में महत्वपूर्ण थी क्योंकि हम तब भी अपने क्षेत्ररक्षण से हैरान थे। पहले चार या छह ओवरों से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा और एक बार आप लय में आ जाएं तो यह उस प्रकार का मैदान है जहां लक्ष्य का बचाव करना कठिन है इसलिए हमें पता था कि हमारे पास मौका है।''

फ्लेमिंग ने मुकाबले को अंतिम गेंद तक ले जाने के लिए गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''आखिरी के कुछ ओवर काफी कड़े थे। शमी और मोहित ने अच्छी गेंदबाजी की, खासकर मोहित शर्मा ने बहुत अच्छी गेंदबाजी की।''

डेढ़ दशक से सीएसके के कोच रहे फ्लेमिंग ने भारत के सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे की प्रशंसा की जो टीम के सबसे सफल बल्लेबाजों में शामिल रहे। रहाणे ने इस दौरान आक्रामक बल्लेबाजी की और जोखिम उठाया। फ्लेमिंग ने कहा, ''मुझे लगता है कि इस ठप्पे से छुटकारा पाया गया कि आप ऐसे खिलाड़ी हैं जो एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी करते रहेंगे। मुझे लगता है कि शायद उसके दिमाग में इसका कुछ ज्यादा ही प्रभाव था और वह उस तरह का खिलाड़ी नहीं बन पा रहा था जिस तरह का हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''और एक बार जब वह ठप्पा हट गया तो मैंने सत्र पूर्व ट्रेनिंग के बीच में एक व्यक्ति को देखा जो शानदार फॉर्म में था।'' फ्लेमिंग ने कहा कि रहाणे उनकी शुरुआती योजनाओं में शामिल नहीं थे। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि आईपीएल से संन्यास लेने वाले अंबाती रायुडू के जाने से टीम में बड़ा खालीपन आ जाएगा। फ्लेमिंग ने कहा, ''अंबाती रायुडू शानदार खिलाड़ी रहा है। मैं उसे एक बल्लेबाज के रूप में बहुत ऊंचा आंकता हूं और सबसे अच्छी फॉर्म में चल रहे गेंदबजों में से एक मोहित शर्मा के खिलाफ उन तीन गेंद ने इसे साबित किया। उस पर छक्का, चौका और फिर छक्का जड़ना स्तरीय बल्लेबाजी थी।'' उन्होंने कहा, ''इसमें कोई संदेह नहीं की रायुडू के जाने से खालीपन आएगा लेकिन खेल आगे बढ़ता रहता है। क्या ऐसा नहीं है।

## हमस्ट्रिंग स्ट्रेन के कारण एफ बी के खेलों से हटे नीरज चोपड़ा

**नयी दिल्ली,30 मई 2023।** गत ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है और एहतियाती तौर पर वह अगले महीने होने वाले एफबीके खेलों से हट रहे हैं। दुनिया के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने ट्विटर पर लिखा, ''हाल में ट्रेनिंग के दौरान मेरी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। चिकित्सा आकलन के बाद मैंने और मेरी टीम ने ऐसे किसी भी जोखिम से बचने का फैसला किया जिससे चोट बढ़ जाए।'' उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मुझे हेंगेलो (नीदरलैंड) में होने वाले एफबीके खेलों से हटना होगा।''



विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता फैनी ब्लेंकर्स कोएन खेल नीदरलैंड के हेंगेलो में चार जून को होने हैं। पांच मई को दोहा डाइमंड लीग में 88.67 मीटर की दूरी के साथ खिताब जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत करने वाले 25 साल के चोपड़ा के 13 जून को फिनलैंड के तुर्कू में होने वाले पावो नुर्मी खेलों के साथ वापसी करने की उम्मीद है। नीरज ने कहा, ''चोटें सफर का हिस्सा हैं लेकिन यह कभी आसान नहीं होता। मैं उबर रहा हूं और जून में ट्रैक पर वापसी को लक्ष्य बनाया है।

## संस्थागत लीग से विभागों को फुटबॉल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा:विजयन

**नयी दिल्ली,30 मई 2023।** भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन का मानना है कि संस्थागत लीग शुरू करने से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), राज्यों के विभिन्न विभागों और पुलिस इकाइयों को देश भर में खेल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पीएसयू, राज्य विभागों और पुलिस इकाइयों से खेलने वाले फुटबॉलारों के लिए प्रतिस्पर्धा के और मौके बनाने के लिए संस्थागत लीग शुरू करने की घोषणा की है जिसकी देश के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक रहे विजयन ने सराहना की है।

विजयन ने कहा, ''जब मैं किशोर था तो केरल पुलिस ने मुझे अपनी टीम में शामिल किया था। केरल पुलिस के लिए खेलने के बाद ही मैं मोहन



बागान, जेसीटी, ईस्ट बंगाल और अन्य टीमों की ओर से खेला था। मेरी यात्रा की शुरुआत केरल पुलिस के साथ हुई थी जिसने मुझे नौकरी और शीर्ष स्तर पर खेलने का मौका दिया।''

केरल पुलिस फुटबॉल अकादमी के निदेशक, एआईएफएफ की कार्यकारी समिति के सदस्य और इसकी तकनीकी समिति के अध्यक्ष विजयन का मानना है कि संस्थागत लीग से विभागीय टीमों में निवेश को नई ऊर्जा मिलेगी और खिलाड़ियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''एसबीआई, एसबीटी, एफसीआई जैसे कई विभागों की एक बड़ी शिकायत है कि पूरे साल उनके खेलने के लिए कोई प्रतियोगिता नहीं होती।'' विजयन ने कहा, ''उन्हें सिर्फ ट्रेनिंग के लिए टीम तैयार करने में कोई फायदा नजर नहीं आता। इससे वे अधिक खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

## हम अपनी क्षमता का 70 प्रतिशत ही खेल पाये हैं



**नयी दिल्ली,30 मई 2023।** भारतीय जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच सी आर कुमार का मानना है कि उनकी टीम ने एशिया कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बावजूद अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया है जो अब उसे करना होगा। भारत ने चीनी ताइपै को 1 . 0, जापान को 3 . 1, थाईलैंड को 17 . 0 से हराने के अलावा पाकिस्तान से 1 . 1 से ड्रॉ खेला। कुमार ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' सेमीफाइनल और फाइनल से पहले कुछ कठिन मुकाबले खेलना हमेशा अच्छा होता है। हमने इसका मजा लिया लेकिन अपनी क्षमता का 70 प्रतिशत ही खेले हैं। बाकी 30 प्रतिशत कमी सेमीफाइनल और फाइनल में पूरी करनी होगी।'' उन्होंने कहा ,'' मुझे इस टीम पर भरोसा है। एशिया कप विश्व कप के लिये क्वालीफायर है और अपनी क्षमता दिखाने के लिये यह अकेला क्वालीफायर है। हम बिना किसी बाधा के विश्व कप में जाना चाहते हैं।' जूनियर विश्व कप पांच से 16 दिसंबर तक कुआलालंपुर में खेला जायेगा। कुमार ने हालांकि यहां एस्ट्रो टर्फ पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा ,'' टर्फ का इस्तेमाल नहीं हुआ है और इसकी ऊपरी सतह समतल नहीं है और इससे हमें मदद नहीं मिल रही। हर टीम को परेशानी हुई है लिहाजा हमें ही अपना खेल बेहतर करना होगा।

## काइलियन एम्बाप्पे ने रचा इतिहास

### » लगातार चौथी बार जीता ये बड़ा अवॉर्ड

**पेरिस ,30 मई 2023।**सेंट जर्मेन के काइलियन एम्बाप्पे ने खास रिकॉर्ड अपने नाम किया है। किलियन एम्बाप्पे ने लगातार चौथे साल लीग 1 में प्लेयर ऑफ द ईयर के खिताब पर कब्जा किया है। इस खिताब को हासिल करते ही किलियन एम्बाप्पे ने एक रिकॉर्ड भी कायम कर लिया है।



1 प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब लगातार चार बार जीतने वाले किलियन एम्बाप्पे पहले खिलाड़ी बन गए है। किलियन एम्बाप्पे को 2019, 2021 और 2022 के बाद अब 2023 में भी ये खिताब मिला है। लगातार चार सीजन में ये खिताब जीतने वाले वो पहले प्लेयर है। इस खिताब को हासिल कर रिकॉर्ड बनाने के बाद किलियन एम्बाप्पे ने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहता था। इसे जीतना खुशी की बात है। लीग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना हमेशा से मेरी चाहत थी। हालांकि ये उम्मीद नहीं थी कि ये इतनी जल्दी हासिल होगा।

पेरिस सेंट जर्मन के खिलाड़ी ने 7वीं बार किया कब्जा

बता दें कि ये प्रतिष्ठित अवॉर्ड बीते सात बार से लगातार पेरिस सेंट जर्मन के खिलाड़ियों को ही मिल रहा है। किलियन एम्बाप्पे से पहले ये खिताब ज्लाटन इब्राहिमोविक (2016), एडिन्सन कैवानी (2017), नेमार जूनियर (2018) को मिल चुका है। यानी साफ है कि इन सभी खिलाड़ियों के नक्शे कदम पर ही किलियन एम्बाप्पे भी चल रहे है। किलियन एम्बाप्पे ने धमाकेदार प्रदर्शन किया था। वर्ष 2023 में इस अवॉर्ड के लिए पीएसजी के चार खिलाड़ियों को नॉमिनेट किया गया था जिसमें कीलियन एम्बाप्पे, अचरफ हकीमी, लियोनेल मेस्सी और नूनो मेंडेस का नाम शामिल था। इन सभी को लीग 1 टीम ऑफ द ईयर में नोमिनेशन मिला था।

## रवि तेजा की टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक जारी,खूंखार अंदाज में आ रहे नजर




रवि तेजा की फिल्म टाइगर नागेश्वर राव का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म का फर्स्ट्ट लुक वीडियो तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज किया गया है। फर्स्ट-लुक मोशन टीजर के हिंदी वर्जन को एक्शन स्टार जॉन अब्राहम ने डब किया है।

रवि तेजा ने टीजर को अपने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, नाम- नागेश्वर राव। गांव- स्टुअर्टपुरम! आप सभी का मेरे क्षेत्र में स्वागत है, द टाइगर जोन। यहां देखिए हैशटैग टाइगरनागेश्वर राव का फर्स्ट लुक। इस 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में मिलते हैं।

निर्माताओं ने फर्स्ट-लुक पोस्टर भी जारी किया। रवि तेजा घनी दाढ़ी के साथ टाइगर की तरह रोर करते दिख रहे हैं।

वामसी के डायरेक्शन में बनी पीरियड फिल्म कुख्यात चोर टाइगर नागेश्वर राव के जीवन पर आधारित है। आने वाले ड्रामा को 70 के दशक में सेट किया गया है। फिल्म में नूपुर सैनन, गायत्री भारद्वाज, अनुपम खेर, रेणु देसाई और जीशु सेनगुप्ता भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## इंटरनेट मीडिया स्टार नेहा सिंह की बोल्ड तस्वीरों ने सोशल मीडिया का पारा किया गर्म



सोशल मीडिया सेंसेशन नेहा सिंह आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर सोशल मीडिया पर तबाही मच जाती है। हाल ही में नेहा सिंह के लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में उनकी सिजलिंग अदाएं देखकर फैंस के दिलों की धड़कनें तेजी से बढ़नें लगी हैं। इंटरनेट मीडिया स्टार नेहा सिंह ने टिक टॉक पर अपनी रील वीडियोज बनाकर फैंस के बीच लाइमलाइट लूटी थी। नेहा सिंह हमेशा अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर के फैंस के बीच तहलका मचा दिया है। हाल ही में नेहा सिंह के अपनी लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर से फैंस के होश उड़ा दिए है। इन तस्वीरों में उनका सिजलिंग अवतार देखकर फैंस आहें भरने लगे हैं। साथ ही लोगों की उनकी फोटोज से नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। नेहा सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर रिस्पॉन्स देते हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं नेहा सिंह ने डेनिम शॉर्ट्स और डीपनेक टॉप पहना हुआ है, जिसमें वो अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। इन फोटोज में नेहा सिंह अपना शॉर्ट्स के बटन खोलकर बेहद ही सेक्सी अंदाज में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवाया है। उनका ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। बता दें कि नेहा सिंह की तस्वीरों की हर एक झलक पाने के लिए फैंस काफी बेताब रहते हैं।

## देवरा बनकर थियेटर पर हंगामा मचाएंगे जूनियर एनटीआर




आरआरआर फेम टॉलीवुड सुपरस्टार जूनियर एनटीआर (जूनियर एनटीआर) की आने वाली मूवी का दर्शक बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। जूनियर एनटीआर अपनी अगली मूवी निर्देशक कोरताला शिवा के साथ लेकर आने जा रहे है, निर्देशक कोरताला शिवा और जूनियर एनटीआर की आने वाली मूवी एनटीआर 30 को लेकर इन दिनों बहुत बज है। दर्शकों के इसी क्रेज को 7वें आसमान पर पहुंचाने के लिए फिल्म मेकर्स ने सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के फैंस को बड़ी ट्रीट दी है। निर्माताओं ने अपनी फिल्म के लीड स्टार जूनियर एनटीआर की अपकमिंग मूवी का फर्स्ट्ट लुक भी जारी कर दिया गया है।

साथ ही मेकर्स ने सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की इस मूवी देवरा की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। इस फिल्म को मेकर्स 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में लाने की तैयारियों में लगे हुए है। साथ ही मेकर्स ने बता दिया है कि मूवी का नाम देवरा है। जिसके साथ ही मीडिया में चल रहीं उन रिपोर्ट्स पर भी आधिकारिक मुहर भी लग गई है। इसमें दावा किया जा रहा था कि इस फिल्म का नाम देवरा होने वाल है।

जिन्हें जानकारी नहीं हैं उन्हें बता दें कि सुपरस्टार जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक कोरताला शिवा की इस आने वाली मूवी में बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लीड रोल में दिखाई देने वाला है। इसका धमाकेदार ऐलान मेकर्स ने कुछ समय पहले ही किया था। ये अदाकारा की पहली साउथ मूवी भी होने वाली है। इसमें वो जूनियर एनटीआर संग स्क्रीन स्पेस शेयर करने वाली हैं। दिलचस्प बात ये है कि जूनियर एनटीआर और निर्देशक कोरताला शिवा की ये फिल्म एक पैन इंडिया रिलीज की जाने वाली है। यही वजह है कि इस मूवी को मेकर्स हिंदी में भी रिलीज करने वाले हैं।

# भ्रष्टाचार के मामले में 2 पशु चिकित्सक नपे

» विभाग ने कर दिया बर्खास्त

» एक वाहन मालिक को भी दी गई है सजा

**रायपुर ,30 मई 2023(ए)।** छह साल पूर्व भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत दर्ज मामले में न्यायालय ने 2 पशु चिकित्सा अधिकारियों को कारावास की सजा सुनाई, जिसके बाद विभाग ने दोनों अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। इनमें से डॉ. बीएस ध्रुव वर्तमान में उप संचालक गरियाबंद और डॉ. पी एल. सरल कांकेर में पदस्थ रहे हैं।

इस मामले में पशुधन विकास विभाग की उप सचिव तूलिका प्रजापति ने यह आदेश जारी किया है, जिसमे उल्लेख किया गया है कि डॉ0 डी. एस. ध्रुव, तत्कालीन उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें जिला कांकेर (वर्तमान उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला गरियाबंद) एवं डॉ0 पी.एल. सरल, पशु चिकित्सा सहायक शल्य कार्यालय उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें, जिला कांकेर के विरुद्ध आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो, रायपुर, इकाई जगलदपुर में अधारा-420, 419, 467, 468, 471. 120 बी एवं धारा 13 (1)सी. 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया।

### फर्जी व्हाउचर लगाकर की थी हेराफरी

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक उप संचालक डॉ0 डी. एस. ध्रुव ने कांकेर में पदस्थापना के दौरान विभाग में एक वाहन किराये पर लगाए जाने का उल्लेख करते हुए बिल लगाकर भुगतान लिया था। इसमें जिस वाहन का नंबर उल्लेखित किया गया था, जांच में पता चला कि इसी नंबर की गाड़ी संबंधित काल में पुलिस विभाग में किराये पर चल रही थी। इस मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू /एसीबी में की गई थी जिसकी जांच में गड़बड़ियां उजागर हो गई। 'ओडब्ल्यू की टीम जब मामले में गिरफ़्तारी के लिए पहुंची तब डॉ0 डी. एस. ध्रुव पकड़े गए, वहीं भ्रष्टाचार में उनके सहयोगी डॉ0 पी.एल. सरल फरार हो गए थे। तब इस मामले में दोनों अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था।




बता दें कि इसी मामले में संबंधित वाहन की मालिक निशा कदम के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज कर उसे भी गिरफ्तार किया गया था, क्योंकि उसने ही अपना बिल व्हाउचर बनाकर उप संचालक को दिया था।

### न्यायालय ने दी ये सजा

इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण, कांकेर में हुई, जहां पारित आदेश में अभियुक्तगणों डॉ0 डी. एस. ध्रुव, उप संचालक एवं डॉ0 पी.एल. सरल दोनों दोषसिद्धि पाये गये। आपराधिक कृत्य एवं अपराध कारित करने की परिस्थिति को देखते हुए दोनों अभियुक्तों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा एवं 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड की अदायगी नहीं करने की दशा में एक-एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया गया है। इनके अलावा वाहन मालिक को भी यही सजा सुनाई गई।

### सजा के बाद विभाग ने किया बर्खास्त

दोष सिद्धि के बाद न्यायालय द्वारा कारावास की सजा सुनाये जाने के बाद डॉ0 डी.एस. ध्रुव एवं डॉ0 पी.एल. सरल को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 (द्ध) में निहित प्रावधान अनुसार सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी किया गया है। हालांकि न्यायलय ने अपना फैसला 29.07.2022 को ही सुना दिया गया, मगर विभाग ने तमाम औपचारिकताएं पूरी करते हुए दोनों की बर्खास्तगी का आदेश आज जारी किया है।

# जल संसाधन विभाग के अधिकारी के लिए पानी का कोई मोल नहीं

## मोबाइल खोजने के लिए डैम का पानी बहाने वाले अधिकारी पर बहुत कम जुर्माना.लगाया...

**कांकेर,30 मई 2023(ए)।** 'पानी का कोई मोल नहीं।' जी हां, यह साबित कर दिया है जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने। डैम से लाखों लीटर पानी बहा देने वाले अधिकारी को तो शासन ने निलंबित कर दिया है, मगर जल संसाधन विभाग ने इस अधिकारी पर केवल 53 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है, जबकि उम्मीद ये लगाई जा रही थी कि जिस तरह किसानों की खेतीबाड़ी के लिए बचाये गए लाखों लीटर पानी को बहा दिया गया उसी के मुताबिक इस नुकसान के लिए जिम्मेदार दोनों अधिकारियों से लाखों रूपये के जुर्माने की वसूली की जाएगी।

### विभाग ने नोटिस देकर मांगा था जवाब

कांकेर जिले के कोइलीबेड़ा ब्लॉक के एक फूड इंस्पेक्टर राजेश विश्वास को महंगे फोन को ढूंढने के लिए परालकोट बांध का 21 लाख लीटर पानी बर्बाद करने के चलते निलंबित किए जाने के कुछ दिनों बाद अब जल संसाधन विभाग ने फूड इंस्पेक्टर को इस मामले में घेरा है। इस अधिकारी पर 53 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले इंद्रावती परियोजना के इंजीनियर आरके धीवर से 26 मई को पत्र लिखकर पूछा गया कि व्यर्थ पानी की कीमत क्यों ना उनके वेतन से वसूली जाए। नोटिस में लिखा गया कि गर्मियों के दौरान सिंचाई और अन्य उद्देश्यों के लिए सभी जलाशयों में पानी कितना जरूरी होता है, ये सभी जानते हैं।





### अनुपयोगी था पानी : फूड इंस्पेक्टर

बता दें कि फ़ूड इंस्पेक्टर ने दो बड़े 30 एचपी डीजल पंप तीन दिनों तक लगातार चलाए और 21 लाख लीटर पानी खाली कर दिया जो कि 1,500 एकड़ खेत की सिंचाई के लिए पर्याप्त था। राजेश विश्वास ने दावा किया था कि फोन में डिपार्टमेंट से जुड़ा अहम डेटा था और पानी 'अनुपयोगी' था। मैं रविवार को अपने कुछ दोस्तों के साथ छुट्टी के दिन नहाने के लिए डैम पर गया था। मेरा फोन वहां गिर गया। यह 10 फीट गहरा था। स्थानीय लोगों ने इसे खोजने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे। उन्होंने मुझे बताया कि अगर पानी दो-तीन फीट कम हो तो वे निश्चित रूप से इसे ढूंढ सकते हैं। मैंने स्ठ्ठ को फोन किया और उनसे अनुरोध किया कि अगर ऐसा करने में कोई समस्या नहीं है तो मुझे इससे पानी निकलवाने की अनुमति दें। अनुमति के बाद मैंने स्थानीय लोगों की मदद से तीन फीट पानी निकाला और अपना फोन वापस ले लिया।

जल संसाधन विभाग के अधिकारी ने अपने स्पष्टीकरण में बताया था कि उन्होंने पांच फीट तक पानी निकालने की अनुमति दी थी, लेकिन बहुत अधिक पानी निकाला गया है।

### फूड इंस्पेक्टर को जुर्माने की नोटिस

इस मामले में विभाग ने फ़ूड इंस्पेक्टर राजेश विश्वास को नोटिस जारी करते हुए 53 हजार रूपये जमा करने को कहा है। विभाग ने बताया है कि विश्वास के द्वारा 4104 घन मीटर पानी व्यर्थ बहाया गया है, जिसकी कीमत प्रति घन मीटर दर्शाते हुए विभाग ने 53 हजार रूपये का जुर्माना 10 दिन के भीतर जमा करने को कहा है।



# नए पटवारी को चार्ज दिए बिना 2 साल से फरार पटवारी गिरफ्तार

» विभाग ने पहले ही कर दिया था निलंबित

» आरोपी से राजस्व संबंधी महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद

**जगदलपुर,30 मई 2023 (ए)।** नए पटवारी को चार्ज दिए बिना लगभग दो साल से दस्तावेज लेकर फरार होने वाले निलंबित पटवारी पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने पटवारी के पास से राजस्व संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं। इस मामले में तत्कालीन तहसीलदार पुष्पराज पात्रा ने थाने में एक शिकायत दी थी। इस शिकायत में उन्होंने लिखा था कि पटवारी प्रेमकांत पांडे राजस्व विभाग से संबंधित दस्तावेज को लेकर गायब है।

दरअसल जगदलपुर तहसील के अंतर्गत पटवारी प्रेमकांत पांडे को एक मामले में 9 नवंबर 2021 को निलंबित कर दिया गया था। जिसके बाद प्रेमकांत पांडे को उसके स्थान पर नव पदस्थ पटवारी को चार्ज देने के आदेश दिए गए थे, लेकिन प्रेमकांत पांडे ने आदेश को न मानते हुए न तो नव पदस्थ पटवारी को चार्ज सौंपा और न ही जरूरी दस्तावेजों को वापस तहसील कार्यालय में जमा किया। जगदलपुर तहसीलदार की शिकायत के बाद आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में आईपीसी कि धारा 409 के तहत मामला दर्ज किया गया और कल तड़के आरोपी पटवारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने पूछताछ करने पर जानबूझ कर शासकीय महत्वपूर्ण दस्तावेज को अपने पास अवैध रूप से रखना स्वीकार किया है।



# कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

» 16 कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

**रायपुर,30 मई 2023 (ए)।** प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर इन दिनों छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। बस्तर दौरे के दौरान ओम माथुर लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा रहे हैं। ओम माथुर ने यहां तक कि यह दावा भी कर दिया है कि बस्तर की 12 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी।

ओम माथुर आज बीजापुर पहुंचे जहां उनकी उपस्थिती में करीब 30 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। बता दें कि बस्तर दौरे के दौरान आज ओम माथुर आज बीजापुर पहुंचे और कांग्रेस और जेसीसीजे को बड़ा झटका दे गए। यहां करीब 30 कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। बीजापुर जिले में कांग्रेस के 16 और जेसीसीजे के 14 कार्यकर्ता अब भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश भाजपा प्रभारी ओम माथुर ने आज भाजपा की सदस्यता दिलाई है।

बीजापुर के बाद ओम माथुर दंतेवाड़ा पहुंचकर माता दंतेश्वरी से प्रदेश की खुशहाली की कामना की है। भाजपा प्रदेश प्रभारी आज अपने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

# पदोन्नति के बाद समय पर नहीं की जोइनिंग,तो गवा बैठेंगे प्रमोशन

» समय वृद्धि की मांग अमान्य

**रायपुर,30 मई 2023 (ए)।** प्रमोशन के बाद कार्यभार तय समय के भीतर ही करना होगा। दुर्ग ने प्रमोशन के बाद ज्वाइनिंग के लिए वक्त मांग रहे शिक्षकों दो टूक कह दिया है। दरअसल




12 मई 2023 को सहायक शिक्षक ई-टी संवर्ग से उच्च वर्ग शिक्षक ई-टी संवर्ग अंग्रेजी, गणित, जीव विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया था।पदोन्नति आदेश में पदोन्नत शिक्षक को 31 मई तक का वक्त दिया गया था, लेकिन कुछ शिक्षकों ने आवेदन प्रस्तुत कर कार्यभार ग्रहण करने के समय में वृद्धि की मांग की थी, लेकिन संयुक्त संचालक दुर्ग ने सभी आवेदन को अमान्य कर दिया है। आदेश में दुर्ग संयुक्त संचालक ने कहा है कि पदोन्नत सहायक शिक्षकों को पदस्थापना आदेश में निश्चित तिथि तक कार्यभार ग्रहण कर लें, अन्यथा पदोन्नति से वंचित होने के लिए आप खुद जिम्मेदार होंगे।



# नियमितीकरण की मांग को लेकर संविदा कर्मियों ने किया धरना प्रदर्शन

**बिलासपुर,30 मई 2023 (ए)।** प्रदेश के न्यायधानी से अलग-अलग विभागों में कार्यरत एक लाख 80 हजार संविदा कर्मी अपने नियमितीकरण की मांग को लेकर सरकार की ओर नजरे बिछाए बैठे हुए हैं। विगत विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से संविदा कर्मियों को नियमित किए जाने का आश्वासन दिया गया था।

बता दें कि जिसे वे लगातार सरकार को याद करा रहे हैं। इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य विभाग के सैकड़ों संविदा कर्मियों ने सीएमओ ऑफिस से नारेबाजी करते हुए नेहरू चौक पहुंचे। जहां धरना प्रदर्शन कर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोते हुए शीघ्र ही नियमितीकरण की मांग की है।

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

## ढेबर और निरंजन दास ने सुप्रीम कोर्ट से याचिका ली वापस

**रायपुर,30 मई 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई के दौरान अख्तर ढेबर और छत्तीसगढ़ के आबकारी अधिकारी निरंजन दास ने अपनी याचिका वापस ले ली है। ऐसी जानकारी है कि यह याचिका कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण ली गई है।



दरअसल इससे पहले इस मामले की सुनवाई माननीय तीन जजों की बेंच में की गई थी। मगर सुप्रीम कोर्ट में आज छत्तीसगढ़ में शराब अनियमितताओं से संबंधित कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की।

# 2 हजार नोट की वापसी के फैसले का नक्सलियों ने किया विरोध

**रायपुर,30 मई 2023 (ए)।** भाकपा (माओवादी) ने दो हजार नोट की वापसी के फैसले का विरोध करते हुए एक जनांदोलन के लिए आमंत्रित किया है। पार्टी ने कहा कि यह पीएम मोदी ने अडानी, अंबानी और टाटा को डिजिटल करेंसी उपलब्ध कराने किया है।प्रवक्ता समता ने एक बयान में कहा कि 2016 की नोट बंदी के समय में 106 जन मारे गये थे।1.40 लाख सूक्ष्म, छोटे और मंझोली कम्पनियां बंद हुई. 40 करोड़ आबादी काम बंद हो गया ।फिर भी काला धन का पता नहीं मिला था। उस समय नोट बंदी के कारण देश का अर्थ व्यवस्था को 5 लाख करोड़ का नुकसान हुआ था।यह धन राशि फिर जनता से कर के रूप में वसूला था।आज देश का जीडीपी 250 लाख करोड़



है।व94त्न आबादी असंगठित क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे है।कुछ आर्थिक विश्लेषक बताते है कि 2000रू. नोट पूरा नगद में 10.48त्न इसके रद्ध करने से जनता को कोई नुकसान नहीं.। यह गलत आंकलन है। हिंदुत्व फासीवादियों ने देश की अर्थ व्यवस्था को डिजिटल अर्थ व्यवस्था में बदलने के काम पर लगे है। खासकर अमिरिकी डिजिटल लेन-देन चलाने वाले कंपनियां और उनके संपर्क में रहे रिलियंस, अदानी, टाटा, वगैरह कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह नोट बंदी हुई है। इस नोट रद्ध के चलते बैंकों में डिपॉजिट का पैसा बढ़ेगी बढ़े हुए पैसे को बैंको ने कार्पोरेट कंपनियों को ऋ़ण देगा। इसके साथ-साथ ई-कामर्स कंपनियों का व्यापार जोर पकड़ेगा। सेवा कर के रूप में उन कंपनियों का आमदनी बढेगी ।व कंपनियों के फायदे के लिए नोट बंदी किया है।यह, 90 प्रतिशत जनता को नुकसान देने वाला है। 2024 चुनाव के बाद भी अगर भाजपा सत्ता में आये तो नोट बंदी और भी करेगी।

# हाईटेक हुआ लाइब्रेरी,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे लोकार्पण

**रायपुर,30 मई 2023 (ए)।** आज के बदलते दौर में प्रतियोगी परीक्षाओं का माहौल बदला है। परीक्षा देने वालों की संख्या बढ़ी है। प्रतियोगिता का स्तर कड़ा हो गया है। ऐसे में प्रतिभागियों की सफलता में सटीक रणनीति के साथ सही किताबें और तैयारी के लिए अनुकूल माहौल बड़ी भूमिका निभाता है। बड़े शहरों में इसके लिए बड़ी बड़ी लाइब्रेरी हैं। जहां छात्र दिनभर बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसी एक लाइब्रेरी रायगढ़ में भी तैयार हो चुकी है। जिला लाइब्रेरी रायगढ़ को हाईटेक बनाया गया है। छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। जिसका लोकार्पण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 01 जून को करेंगे।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की विशेष पहल पर जिला ग्रन्थालय को पूरी तरीके से रिनोवेट कर दिया गया है। यहां छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। किताबें और फर्नीचर भी अपग्रेड किया गया है। इंटरनेट की व्यवस्था की गई है। जिससे शहर में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए एक अनुकूल जगह मिले।



### हाईटेक हुई 68 साल पुरानी लाइब्रेरी, 23 हजार किताबें उपलब्ध रहेंगी

रायगढ़ का पुस्तकालय 68 वर्ष पुराना है। जिला गजेटियर के मुताबिक सन 1955 में इसकी स्थापना की गई थी। सन् 1964-65 में शासकीय पुस्तकालय, रायगढ़ में लगभग 7,000 पुस्तकें थीं तथा इसके 281 सदस्य थे। आज लाइब्रेरी में 23 हजार से ज्यादा किताबें पढने् के लिए उपलब्ध है। लाइब्रेरी को आधुनिक तकनीकों से अपग्रेड किया गया है। पूरा कैंपस वाईफाई युक्त है। ऑनलाइन पढ़ाई के लिए 20 कंप्यूटर लगाए गए हैं। लाइब्रेरी में स्टडी मेटेरियल प्रिंट करने की भी सुविधा छात्रों को मिलेगी। इसके अलावा यहां एक डिजिटल क्लासरूम बनाया गया है, जिसमें आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर एक साथ 30 छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। ग्रुप स्टडी के लिए भी कमरे बनाए गए हैं।

### एक साथ पढ़ सकेंगे 250 बच्चे, तैयार किए गए हैं एयरकंडीशंड स्टडी रूम

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की विशेष पहल से जिला ग्रन्थालय एक नए स्वरूप में सामने हैं। आज के प्रतियोगी माहौल में तैयारी के लिए सभी जरूरी संसाधनों की व्यवस्था यहां की गई है। यहां एक साथ करीब 250 बच्चों के बैठने की सुविधा है। यहां एयरकंडीशंड स्टडी रूम तैयार किए गए हैं।

### बड़े शहरों को तरह बने हैं स्टडी केबिन

लाइब्रेरी के रेनोवेशन में खास बात यह है कि यहां बड़े शहरों की तर्ज पर स्टडी केबिन बनाए गए हैं। यह छात्रों के लिए व्यक्तिगत स्टडी टेबल की तरह होगा। जिससे छात्र लाइब्रेरी में एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सकें। ऐसे यहां लगभग 180 केबिन तैयार किए गए हैं। प्रभारी ने बताया कि लाइब्रेरी सुबह 8 से 10 बजे तक छात्रों के लिए खुली रहेगी। इसके अलावा यहां ई-लाइब्रेरी की सुविधा भी छात्रों को मिलेगी।

### प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए किताबों और मैगजीन का मिलेगा संग्रह

लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष फोकस करते हुए उसके लिए जरूरी किताबें और मासिक मैगजीन भी यहां छात्रों को मिलेगी। जिससे वे अपने नोट्स तैयार कर सकते हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने इसके लिए छात्रों की आवश्यकता के अनुरूप स्टडी मटेरियल यहां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही यहां छात्रों के लिए एक कैंटीन की व्यवस्था भी होगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)